# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

वर्ष - 05 अंक - 44 बैकुंठपुर, रविवार 10 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

www.cgfrontline.com

# शोध कार्य समाज में बदलाव लाने का एक प्रभावशाली माध्यम-कुलपति

## राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज में पीएचडी कोर्सवर्क का शुभारंभ






**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज, अंबिकापुर में पीएचडी कोर्सवर्क का शुभारंभ संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा के कुलपति माननीय प्रोफेसर पी.पी. सिंह ने किया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक विशेष उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए शोध और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 78 शोध छात्रों की सहभागिता रही, जिन्होंने राजीव गांधी पीजी कॉलेज में कोर्स वर्क के लिए अपना पंजीयन कराया है।

अपने संबोधन में कुलपति प्रोफेसर पी.पी. सिंह ने कहा कि शैक्षिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल छात्रों को शैक्षिक ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि उन्हें सोचने की क्षमता और दिशा देने की भी है। उन्होंने शोध कार्य को समाज में बदलाव लाने का एक प्रभावशाली माध्यम बताया और विद्यार्थियों से अपील की, कि वे अपने शोध कार्यों में समाज की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें तथा पूरी ईमानदारी से कार्य करें क्योंकि शोध का उद्देश्य ही सत्य की खोज है। शोध केंद्र के निदेशक डॉ. रिजवान उल्ला ने पीएचडी कोर्स वर्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम शोधकर्ताओं को एक ठोस आधार प्रदान करेगा, ताकि वे अपने शोध कार्य को और अधिक व्यवस्थित और गुणवत्ता से कर सकें। उन्होंने बताया कि शोध कार्य में नवीनता और व्यावहारिकता पर ध्यान देना आवश्यक है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय लखनपुर ने भी संबोधित किया। उन्होंने शोध की प्रक्रिया को चुनौतीपूर्ण बताया और शोधकर्ताओं को कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि इस नए कोर्सवर्क के जरिए शोधार्थी न केवल अपनी शोध पद्धतियों में निपुणता प्राप्त करेंगे, बल्कि उन्हें अपने शोध के परिणामों को समाज के हित में उपयोग करने का भी अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने अपने विचार साझा किए और इस नए कोर्सवर्क से प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में उत्साह व्यक्त किया। कुलपति प्रोफेसर पी.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के शोध कार्यों को नई दिशा देगा और इसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

कोर्स वर्क समन्वयक डॉ. अनिल सिन्हा ने कोर्स वर्क की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम की चर्चा की। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पीएचडी कोर्सवर्क विश्वविद्यालय को शोध के क्षेत्र में एक नया मुकाम दिलाएगा। अंत में कोर्स सह समन्वयक डॉ. राजकमल मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने और शोधकर्ताओं को एक नई दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस कदम से न केवल शोधकर्ताओं को नई दिशा मिलेगी, बल्कि विश्वविद्यालय को भी शोध के क्षेत्र में अपनी पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

# गाय का तिलक वंदन कर विधि विधान से की गई गोपाष्टमी पूजा



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** गोपाष्टमी के पावन अवसर पर शनिवार को गाय व बछड़े को नहलाकर तथा सजाकर तिलक वंदन कर विधि विधान से गोपाष्टमी पूजा की गई । हिंदू धर्म में गोपाष्टमी का विशेष महत्व है । इस दिन भगवान कृष्ण और गौ माता की उपासना की जाती है । हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी का त्योहार मनाया जाता है । यह मथुरा, वृंदावन समेत ब्रज क्षेत्रों का प्रसिद्ध त्योहार है । हिंदू धर्म में मान्यता है कि गौ माता का पूजन करने से सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है । इसलिए इस दिन गायों की पूजा करना बेहद शुभ और फलदायी है जिससे सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं । हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के क्रोध से बचाने के लिए गोवर्धन पूजा के दिन अपनी कनिष्ठा (छोटी उंगली) पर गोवर्धन पहाड़ी को उठा लिया था जिसके नीचे सभी ब्रजवासियों ने बाढ़ से बचने के लिए शरण ली थी । ब्रज क्षेत्र में सात दिनों की निरंतर बाढ़ के बाद भगवान इंद्र का क्रोध शांत हुआ और उन्होंने गोपाष्टमी के दिन ही अपनी हार स्वीकार की थी । भगवान कृष्ण ने ब्रज के लोगों को भगवान इंद्र को दी जाने वाली वार्षिक भेंट को बंद करने का सुझाव दिया था जिस पर इंद्र नाराज हो गए थे और क्रोध में उन्होंने ब्रज क्षेत्र में भारी बारिश शुरू कर दी थी जिसमें सबकुछ बहने लगा था । लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज के लोगों और वहां के सभी पशुओं की गोवर्धन पहाड़ी के विशाल आवरण के नीचे सात दिन तक सुरक्षा की । इस दिन गौ माता की विशेष पूजा का विधान है । शास्त्रों के अनुसार गौ माता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है, इसलिए उनकी पूजा करने से भक्त को सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है । गोपाष्टमी पूजा समूचे एमसीबी जिले में विधि विधान से की गई और गाय को नहलाकर तिलक वंदन व पूजा अर्चना कर हरी घास का भोग लगाया गया।

# कुवांरपुर में 15 नवम्बर को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**एमसीबी।** जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुवांरपुर में 15 नवम्बर 2024 को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण करना और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। शिविर के लिए स्थान और तिथि निश्चित करते हुए कार्ययोजना के अनुसार नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही शिविर के सफल संचालन की जिम्मेदारी के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपी गई है। शिविर का आयोजन 15 नवम्बर 2024 को दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत कुवांरपुर में किया जाएगा। इस शिविर में सुश्री सतरूपा साहू (तहसीलदार, विकासखंड-भरतपुर) को प्रभारी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 9827969600 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही श्री ऋषि कुमार सहायक (विकास विस्तार अधिकारी, जनपद पंचायत भरतपुर) को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नम्बर 8225864119 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला स्तर के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं का स्टॉल लगाकर उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

# गौ तस्करी का प्रयास नाकाम, जशपुर पुलिस ने 13 गौवंश जब्त किए, तस्करों फरार, पुलिस तलाश में जुटी



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को मनोरा क्षेत्र के जागरूक ग्रामीणों से बीती रात्रि लगभग 11:00 बजे सूचना मिला कि ग्राम ग्राम खरसोता की ओर से दो व्यक्ति लगभग 13 गौ-वंश को मारते-पीटते हुये तेजी से डड़गांव होते हुये झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल चौकी मनोरा से एक टीम गठित कर तत्काल आगामी कार्यवाही हेतु रवाना किया गया, पुलिस टीम द्वारा ग्राम खरसोता के पास मौके पर जाकर घेराबंदी करने के दौरान अज्ञात गौ-तस्कर पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग गये, पुलिस द्वारा अज्ञात गौ-तस्कर से 13 नग गौ-वंश कीमती 57000 रू. का जप्त कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पशु क्रूरता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है, फरार अज्ञात आरोपी की पतासाजी जारी है। प्रकरण की विवेचना एवं गौ-वंश को जप्त करने में चौकी मनोरा से प्र.आर. 390 कृपा सिंधु तिग्गा, प्र.आर. 134 एडवर्ड जेम्स तिर्की, आर. 654 रोशन पैंकरा, आर. 438 खिभराम राम का योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है कि मनोरा क्षेत्र के जागरूक ग्रमीणों की सूचना पर पुलिस द्वारा 13 नग गौ-वंश को जप्त कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है, हॉलाकि आरोपी फरार हो गये है, लेकिन उन्हें अतिषीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा। अपने आस-पास किसी भी प्रकार की तस्करी हो रही हो तो तत्काल उसकी सूचना पुलिस को देवें।

# ओड़िशा से आ रही कार में मिली 9 लाख रुपये की नकदी, हवाला कारोबार का शक

## पुलिस ने जब्त की रकम, जांच जारी; जिले में वृहद वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मिली सफलता





छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** दिनांक 08.11.2024 को पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के निर्देशन एवं मार्गदर्षन में पूरे जिले के थाना/चौकी क्षेत्र में सशस्त्र पुलिस द्वारा वृहद वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान थाना तपकरा द्वारा ओड़िसा की ओर से जशपुर की ओर आ रही सभी संदिग्ध वाहनों की बारीकी से चेकिंग के दौरान हुंडई वर्ना कार क्रमांक ह्ब्ध 14 क्र 1138 को चेक करने पर उक्त वाहन के चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम अमित तिग्गा व बगल सीट में बैठे व्यक्ति का नाम पूछने पर अपना नाम अरशद आलम बताया दोनों के संयुक्त अधिपत्य के वाहन की डिक्की का तलाशी लेने पर वाहन में रखे एक मेरून रंग के ट्राली बैग को खोलवा कर देखने पर उक्त बैग में 20-20 रुपये के नोट 30 बंडल रकम कुल रू. 6,00,000 /- तथा काई कलर के पिट्ठू बैग में रखे 10-10 रुपये के नोट 30 बंडल रकम रू. 3,00,000 /- कुल रकम रू. 9,00,000 /- (नौ लाख रू.) नगद रख कर परिवहन करते पाए जाने पर उक्त रकम के बारे में पूछताछ करने पर गोल-मोल जवाब देने से थाना तपकरा द्वारा धारा 94 भा.ना.सु.सं. के तहत नोटिस देने पर विधिसंगत दस्तावेज पेश नही करने पर किसी अपराध से संबंधित संपत्ति होने की युक्तियुक्त संदेह के आधार पर दिनाँक 08.11.2024 के रात्रि 09.30 बजे समक्ष गवाहों के धारा 106 भा.ना.सु.सं. के तहत जप्त कर विधिसंगत कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी तपकरा उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, सउनि अनिल कामरे, आरक्षक शिवशंकर राम, अविनाश लकड़ा, राजेन्द्र साय पैकरा इत्यादि सम्मिलित रहे। इसी प्रकार जिले के अन्य थाना/चौकी क्षेत्र में नाबालिग वाहन चालक, मॉडिफाईड सायलेंसर वाहन, तेज गति से वाहन चलाने एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर रोककर उनके वाहन को जप्त कर चालानी कार्यवाही किया गया। नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों को समक्ष में बुलाकर न्यायालयीन प्रक्रिया के बारे में एवं यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाईस दिया गया। सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् 07 प्रकरण में 3500 रू. समन शुल्क, थाना फरसाबहार 04 प्रकरण में 1200 रू. समन शुल्क, थाना तपकरा द्वारा 02 प्रकरण में 1300 रू. समन शुल्क, थाना कांसाबेल द्वारा 01 प्रकरण में 1000 रू. समन शुल्क वसूल कर कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है कि तपकरा पुलिस को संदिग्ध वाहन की चेकिंग के दौरान कार में सवार 02 व्यक्तियों से 09 लाख रू. नगद मिला है, रकम के संबंध में विधिसंगत दस्तावेज पेश नहीं करने पर जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, जप्त 09 लाख रू. हवाला कारोबार एवं अन्य पहलु से भी जुड़े तो नहीं है, इसकी भी बारीकी से जॉंच की जा रही है। जशपुर पुलिस द्वारा नियमित रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# जनजातीय गौरव यात्रा के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर ने समाज प्रमुखों की ली बैठक

## 13 नवम्बर को जनजातीय गौरव यात्रा का होगा आयोजन



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के उपलक्ष्य पर जशपुर में 13 नवम्बर को जनजातीय गौरव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जनजातीय संस्कृति, आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को याद करने के साथ युवाओं को जनजातीय संस्कृति से परिचित कराने और उन्हें अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करने के लिए यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इस यात्रा के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जनजातीय समाज प्रमुखों की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यह कार्यक्रम जनजातीय महापुरूषों के कार्यों तथा बलिदान के गौरव को स्मरण के साथ ही आदिवासियों के हितों का संरक्षण एवं इन्हें प्रोत्साहित करने हेतु किया जा रहा है। इसमें सभी के सहयोग से युवाओं और जनजातीय लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस बैठक में उरांव, गोंड, पहाड़ी कोरवा, खैरवार, मुंडा एवं अन्य जनजातीय समाज प्रमुखों के साथ साथ जशपुर व्यवपारिक संघ, जैन समाज, स्वर्णकार समाज एवं अन्य समाजों के लोगों ने भी भाग लिया। जहां सभी ने इस महान अवसर पर मिल जुल कर जनजातीय गौरव दिवस मनाने पर विस्तृत चर्चा की। इस दिवस पर सभी जनजातीय समाजों के लोग अपनी अपनी संस्कृति, कला, रहन सहन, नृत्य विधा आदि का प्रदर्शन करेंगे। वहीं समाज के वरिष्ठ जनों, स्वतंत्रता सेनानियों, विशेष पिछड़ी जनजाति के विशिष्ट सदस्यों एवं जनजातीय विकास के लिए विशिष्ट योगदान करने वाले विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनजातीय खेलों के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ जितेंद्र यादव, एसडीएम जशपुर प्रशांत कुशवाहा सहित सभी समाजों के प्रमुख शामिल हुए। ज्ञात हो कि जनजातीय गौरव यात्रा पूरनानगर से प्रारम्भ होते हुए बालाछापर चौक, फारेस्ट डिपो, गम्हरिया चौक, हाऊसिंग बोर्ड, बांकी नदी, जैन मंदिर, बिरसामुंडा चौक, महाराजा चौक, महाराजा चौक, बालाजी मंदिर से होते हुए रणजीता स्टेडियम तक जाएगी।

# जिले के तीरंदाजी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक पहल कर रहे है मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी जशपुर जिले में जिला प्रशासन के अंतर्गत संचालित तीरंदाजी केंद्र के खिलाड़ियों ने विगत दिवस 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर 24 तक रायपुर में आयोजित हुआ था जिसमें प्रदेश भर के पांचों संभागों से लगभग 350 से भी ज्यादा तीरंदाज शामिल हुए जिसमें जिला प्रशासन के तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल अकादमी जशपुर के 6 तीरंदाजी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जिसमें तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल अकादमी जशपुर के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा खिलाड़ी मनोज राम ने अंडर 17 कम्पाउन्ड राउण्ड में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित इसी प्रकार खिलाड़ी श्री आकाश राम ने अंडर 14 कम्पाउन्ड राउण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर 17 राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 11 से 12 नवंबर 2024 तक गुजरात के नाडियाड में आयोजित होगा जिसके लिए चयनित टीम 09 नवंबर 2024 को रायपुर से गुजरात के लिए रवाना होगी अंडर 14 राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 19 दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर 2024 तक गुजरात के नाडियाड में आयोजित होगी जिसके लिए चयनित टीम 17 दिसम्बर 24 को रायपुर से रवाना होगी।

# 14 नवंबर से की जाएगी धान खरीदी

**★ कलेक्टर ने धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों की ली बैठक**
**★ पारदर्शिता पूर्वक धान खरीदी करने दिए निर्देश**



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में धान खरीदी के संबंध में बैठक लेकर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री एक्का ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस माह की 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी, जो 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। उन्होंने धान खरीदी से जुड़े हर पहलू की विस्तृत समीक्षा कर शासन की मंशानुरूप चाक-चौबंद व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी अवधि, शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, समर्थन मूल्य, बायोमेट्रिक धान खरीदी, खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर, टोकन की जानकारी सहित समस्त जानकारी बैनर, पंपलेट, दीवार लेखन के साथ ही धान खरीदी केंद्रों में स्थल की सफाई, कांटा बाट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन, कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, डनेज व्यवस्था, छाया, पेयजल जैसी समस्त व्यवस्थाएं उपलब्ध रहें। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में वास्तविक किसानों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। धान बेचने से जुड़ी उनकी हर तरह की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाये। उन्होंने धान पंजीकरण ऑनलाइन प्रविष्टि के साथ ही धान खरीदी तिथि को ही आवश्यक प्रविष्टियां पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से धान का परिवहन, सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित चेक पोस्टों में विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही ना हो, इसका कड़ाई से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्रों में निरीक्षण हेतु नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे सभी अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाएं।
बैठक में जिला खाद्य अधिकारी श्री एस.बी. कामटे, जिला विपणन अधिकारी, सहायक पंजीयक, नोडल सी.सी.बी, समिति प्रबंधक, धान खरीदी ऑपरेटर उपस्थित रहे।

### धान खरीदी से संबंधित ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू की जाएगी। इसी कड़ी में डाटा एंट्री आपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण में डाटा एंट्री आपरेटरों को धान खरीदी से संबंधित सभी तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के आधार पर धान खरीदी करने के लिए सभी केन्द्रों को बायोमेट्रिक डिवाइस भी प्रदान किया गया।

### टोल फ्री नंबर जारी

जिले में धान खरीदी विपणन वर्ष 2024-25 के लिए टोल फ्री नंबर 18002333663 जारी किया गया है जिसमें धान खरीदी से संबंधित जानकारी, सूचना या समस्या के समाधान के लिए संपर्क कर सकते है। यदि किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या है तो वह टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर इसकी सूचना भी दे सकते हैं
उल्लेखनीय है कि किसान पंजीयन की निर्धारित सीमा तक जिले में 50660 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसमें 3980 हजार नये किसान शामिल हैं। जिले में स्थापित 49 धान खरीदी केन्द्रों के जरिए निर्धारित अवधि सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक वे अपना धान बेच पाएंगे तथा शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाश पर धान खरीदी नहीं होगी। इसके साथ ही धान खरीदी केन्द्रों सहित संग्रहण केन्द्रों और राइस मिलों में पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। धान खरीदी के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा बांट का तौल में इस्तेमाल होगा। धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जायेगा।

# बस्तामुक्त विद्यालय के खिलाड़ी छात्राओं का सम्मान




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी छात्राओं का सम्मान किया गया।
संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम शाला परिवार द्वारा चित्रकुमारी राजवाड़े पिता मुकुटमणी राजवाड़े तथा माता श्रीमती सावित्री राजवाड़े, कुमारी प्रीति सारथी पिता सोमार साय एवं माता श्रीमती सुनीता सारथी, प्रीति सारथी की मामी श्रीमती रागिनी तथा कुमारी वर्षा सिंह टेकाम पिता स्व. नोहर सिंह टेकाम माता श्रीमती सुमित्रा सिंह टेकाम का सम्मान गमछा, श्रीफल भेंटकर व अन्य सभी बच्चों को कॉपी-पेन, राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के सर्टिफिकेट व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष अंडर 14 आयु वर्ग अंतर्गत संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बालकों के साथ-साथ बालिका वर्ग में संस्था के कई बच्चों ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक श्रीमती एम. टोप्पो, रिजवान अंसारी समेत सुमित्रा राजवाड़े, नान दईया सहित बाल कैबिनेट के पदाधिकारी सुनीता राजवाड़े, दीपक, कैलाश, घरभरन, रूपा सिंह, प्रमिला सिंह, योगेश सिंह तथा कलावती सक्रिय रहे।

# गायत्री भूमिगत खदान में बैठक उपरांत सहमति पर आंदोलन स्थगित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक यूनियन द्वारा गायत्री भूमिगत खदान के ठेका श्रमिकों के एरियर, बोनस सहित 13 सूत्रीय मांग के समर्थन में 14, 15 एवं 16 नवंबर को तीन दिवसीय काम बंद एवं कोयला परिवहन बंद हड़ताल का आह्वान किया था। जिस पर प्रबंधन द्वारा 7 नवम्बर को संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के साथ बैठक कर ठेका श्रमिकों की सभी समस्याओं पर चर्चा कर जल्द समाधान किए जाने का आश्वासन दिया गया है। बैठक में ठेका श्रमिकों के एरियर एवं बोनस पर 30 नवम्बर तक भुगतान किए जाने की सहमति बनी है। इसके पश्चात श्रम संघ द्वारा मिनट्स जारी करने पश्चात प्रबंधन को आंदोलन स्थगित करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय कुमार तिवारी, महाप्रबंधक (संचालन) संजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एसकेपी शिंदे, सहक्षेत्र प्रबंधक (आरजीके) यूएन झा के साथ अनुपम दास कार्मिक प्रबंधक एवं विजय माहकूल सहायक कार्मिक प्रबंधक उपस्थित थे। श्रम संघ की ओर से बैठक में क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आरके द्विवेदी, मनोज कुमार, सलमान खान के साथ ठेका श्रमिक धर्मजीत, सोमार साय, झमन सिंह, राम पुकार देवांगन, मुरली धर सिंह, बालेश्वर राजवाड़े, राजेश यादव, श्यामलाल सिंह उपस्थित थे।

# कन्या आश्रम की आदिवासी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत डेडरी में स्थित आदिवासी कन्या आश्रम की एक मासूम आदिवासी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। गौरतलब है कि रामानुजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरता निवासी 9 वर्षीय छात्रा कुमारी खुशमनी सिंह पिता मनोज सिंह गोंड जो कक्षा दूसरी की छात्रा थी। छात्रा सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत डेडरी में संचालित आदिवासी कन्या आश्रम में यहां पर दो वर्षों से रहकर पढ़ाई करती थी। 8 नवंबर को छात्रा के गाल में सूजन आने पर आश्रम कर्मचारी द्वारा बेलाडोना पट्टी चिपका दिया गया था। जिसके बाद छात्रा अपने कक्षा में पढ़ाई करने चली गई थी। कक्षा से शाम को वापस लौटने उपरांत देर रात जब आश्रम की चपरासी जशवंती राजवाड़े ने छात्रा के पास जाकर कुशल क्षेम



पूछी थी। इसके बाद छात्रा जब 9 नवंबर को सोकर सुबह करीब पौने छह बजे तक नहीं उठी तब आश्रम के कर्मचारियों द्वारा छात्रा को तत्काल संजीवनी 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से उसके गांव में शोक का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आखिर उसके केवल गाल में सूजन आने से कैसे मौत हो गया है, यह समझ से परे है। ग्रामीणों द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है।

# कार्मिक अधिकारियों का किया गया तबादला

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ आधा दर्जन कार्मिक अधिकारियों का तबादला कर उन्हें दूसरे क्षेत्रों में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जारी तबादला आदेश में गौरव दुबे मैनेजर को बैकुंठपुर से जमुना कोतमा, ऋचा टाईटस जोहिला से कोरबा एरिया, माधुरी मड़के कोरबा से कुसमुंडा क्षेत्र, श्रीकांथ ईमानदी चिरमिरी से बैकुंठपुर, एसबी टेटे चिरमिरी से जोहिला एरिया, श्रीकांथ मलेपका का गेवरा से कुसमुंडा एरिया तबादला किया गया है। वहीं केएस साव जिन्हें बिश्रामपुर से बैकुंठपुर तबादला किया गया था, उन्हें वापस बिश्रामपुर कर दिया गया है।

# जनता ने भूपेश को आईना दिखाया, जनादेश का सम्मान करना सीखे कांग्रेस

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व सोनहत विधायक रेणुका सिंह छठ महापर्व पर पार्टी कार्यकर्ता राजकिशोर चौधरी के यहां आयोजित खीर प्रसाद आयोजन में सम्मिलित होने पहुंची थीं। यहां उनके आगमन की सूचना पर पार्टी कार्यकर्ता भी उनसे भेंट मुलाकात के उद्देश्य से पहुंचे थे। आयोजन में शामिल होने पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने राज्य के वर्तमान परिस्थितियों पर खुलकर चर्चा की। मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने भूपेश बघेल की मीडिया में सक्रियता और कांग्रेस के रवैए की आलोचना कर कहा कि भूपेश बघेल कद्दावर नेता हैं। अब उनकी गिनती कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं में होने लगी है। प्रदेश के गृहमंत्री को बार बार निशाने में लेने व उनकी सार्वजनिक आलोचना के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के पांच



साल के कार्यकाल में प्रदेश की स्थिति कितनी खराब हो गई थी ये उन्हें दिखाई नहीं देता था। प्रदेश में महादेव सट्टा में प्रदेश के युवाओं के करोड़ों रुपए डूब गए, कोयला, रेत सहित प्रदेश के खनिज संपदाओं पर किस कदर डाका डाला गया ये किसी से छुपा नहीं है। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को नकार उनकी नीतियों पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। प्रदेश में युवा चेहरे को गृहमंत्री का दायित्व दिया गया है ये उन्हें नहीं पच रहा। विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की हार भूपेश बघेल को अब तक हजम नहीं हो रही है, इसीलिए भी भूपेश अनाप शनाप बोल रहे हैं। उन्हें प्रदेश सरकार की नीति अच्छी नहीं लगती तो उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नीतियों के संबंध में अपनी राय रखनी चाहिए, युवा गृहमंत्री जो राजनीति का अभी एबीसीडी सिख रहा है उस पर लगातार हमले से बघेल केवल और केवल अपनी खीझ मिटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाल ही में घटित कई घटनाओं में कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं की भूमिका सामने आई है जो शर्मनाक है और प्रदेश को अस्थिर करने जैसा है। इस पर भूपेश बघेल को सफाई देनी चाहिए। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता ललित गोयल, दीपेंद्र सिंह चौहान, शशिकांत गर्ग, कृष्ण गोयल बल्लू, श्यामा पांडेय, मोहिनी झा, अमरेश प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री अय्यप्पा शनिश्वर मंदिर में 41वां वर्षगांठ कार्यक्रम 16 से


**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** श्री अय्यप्पा शनिश्वर मंदिर बिश्रामपुर में 41वां वर्षगांठ प्राण प्रतिष्ठा, मंडल पूजा व मकर संक्रांति महोत्सव का शुभारंभ 16 नवंबर से किया जाएगा। गौरतलब है कि कोयलांचल में स्थित श्री अय्यप्पा शनिश्वर मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 41वां वर्षगांठ प्राण प्रतिष्ठा, मंडल पूजा व मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में 16 नवंबर को प्रातः छह बजे से सायं छह बजे तक मुद्रा धारण अखंड नाम यज्ञ, 27 नवंबर को बारहवीं ज्योति अष्टाभिषेक प्रातः दस बजे से दोपहर बारह बजे से अन्नदान, 14 दिसंबर को प्रातः दस बजे से अष्टाभिषेक, दोपहर बारह बजे से अन्नदान, 26 दिसंबर को प्रातः साढ़े चार बजे से प्रभात फेरी, निर्माल्य दर्शन, अभिषेक, अष्ट द्रव्य गणेश हवन, उषा पूजा, कलश पूजा,



अष्टाभिषेक, मध्याह्न पूजा, दोपहर बारह बजे से अन्नदान व शाम पांच बजे से श्री अय्यप्पा भक्त शोभायात्रा गौरीशंकर मंदिर से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड, संतोषी मंदिर सतपता से होकर वापस श्री अय्यप्पा मंदिर पहुंचेगी। सायं सात बजे महाआरती, भजन, रात आठ बजे शनिश्वर पूजा किया जाएगा। 13 जनवरी को प्रातः नौ बजे विशेष नाग पूजा, लक्ष्मीनारायण पूजा व सायं छह बजे से गणपति पूजा, प्रसाद शुद्धि, वास्तु बलि, 14 जनवरी को भक्तों द्वारा खुद से दीप समर्पण व पुष्प अभिषेक किया जाएगा। साथ ही प्रातः साढ़े चार बजे प्रभात फेरी, निर्माल्य दर्शन, अभिषेक, महागणपति हवन, उषा पूजन, कलश पूजा, नवग्रह कलशाभिषेक एवं गणपति कलशाभिषेक, अष्टाभिषेक, कलशाभिषेक चंदन द्वार, मध्यान्ह पूजन, दोपहर में अन्नदान, सायं चार बजे शोभायात्रा मद्राह होटल कल्याणी सदन से गौरीशंकर मंदिर से अय्यप्पा मंदिर तक, सायं सात बजे पवित्र 18 सीढ़ियों पर प्रवेश, रात साढ़े सात बजे दीपाराधना, भजन, रात नौ बजे रात्रि पूजा किया जाएगा। 14 जनवरी को ही 41वां वर्षगांठ के अवसर पर विशेष कार्यक्रम के तहत निरंजनम नारियल में तेल का दीपक खुद भक्तों द्वारा परिक्रमा कर दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक रूप से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# गौ माता में सभी देवी देवताओं का होता है वास

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** सनातन काल से ही हम सभी गाय पालकर सेवा कर रहे हैं। गौ सेवा जीवन की सबसे पुण्य कार्य है। आज के समय में गौ पालन कर लोग काफी मुनाफा भी कमा रहे हैं। कामधेनु कल्पतरु सेवा संस्थान द्वारा अनाथ गायों का देखभाल किया जा रहा है, जो अनुकरणीय है।



उक्त बातें ग्राम पंचायत करवां में गोपाष्टमी के अवसर पर गौ माता की पूजा कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने आतिथ्य की आसंदी से व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि गौ माता में सभी देवी देवताओं का वास होता है। जिससे आमजन गौ माता की सेवा करके अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं। ग्राम पंचायत करवां में कामधेनु कल्पतरु अनाथ गौ आश्रम गौशाला में गोपाष्टमी के अवसर पर गौ पुष्टि हवन, भागवत एवं गौ कथा का आयोजन भी किया गया। गौशाला प्रांगण में एक दिवसीय भागवत एवं गौ कथा अंबिकापुर से आई दीदी अंजली मिश्रा द्वारा प्रवचन दिया गया। वर्तमान समय में गौशाला में 150 गाय हैं। इस अवसर पर विनोद शाह, सरपंच प्रतिनिधि ललन सिंह, महेश्वर पैकरा, अमरनाथ पैकरा, रामप्रसाद पैकरा, नूतन विश्वास, प्रशांत जायसवाल, कामेश्वर राजवाड़े, रामेश्वर कुशवाहा, संजय कुशवाहा, ललन राम, अरुण सिंह, मानिकचंद कुशवाहा सहित गौ आश्रम के कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह 15 को, पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

**जिला मुख्यालयों में भी जनजातीय गौरव दिवस का होगा आयोजन**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवंबर को रायपुर में जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे और पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राजधानी रायपुर के अलावा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी एक दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों में दो तरफा संवाद एवं शेष जिलों में केवल प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जमुई, बिहार से गौरव दिवस का शुभारंभ कर संबोधित करेंगे। इस मौके पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों में केन्द्र व राज्य के मंत्रीगण, सांसद, विधायक तथा पंचायत प्रतिनिधि, जनजातीय परिवार के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा साथ ही अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है। जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान एवं उनके वंशजों को सम्मानित किया जाएगा। पी.एम. जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम स्तर, विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ ही 15 से 26 नवंबर, 2024 तक सभी चिन्हांकित ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में वन अधिकार अधिनियम, पेसा अधिनियम, सततविकास लक्ष्य का पंचायत स्तर पर स्थानीयकरण एवं गौरवशाली जनजातीय इतिहास के बारे में चर्चा की जाएगी।

# सीपीआर का सही समय पर उपयोगः कार्यशाला में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। कार्डियक अरेस्ट के केस में सही समय पर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) नहीं मिलने पर रोगी की मृत्यु हो जाती है। कार्डियक अरेस्ट के केस में यह देखने को मिला है कि सही समय पर सीपीआर मिलने से व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। वहीं सही समय पर सीपीआर नहीं मिलने पर हर एक मिनट में मृत होने की संभावना बढ़ती जाती है और लगभग 6 से 8 मिनट में मरीज की पूर्णतः मस्तिष्क क्षति हो जाती है जिसे मेडिकल भाषा में हाइपोक्सिक ब्रेन डैमेज कहते हैं। यह स्थिति तब निर्मित होती है जब मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है। यह जानकारी बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की कार्यशाला के अंतिम दिन प्रशिक्षण देते हुए कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने प्रतिभागी चिकित्सा छात्रों को दी। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को आज हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन, कार्डियोवर्शन एवं पेसिंग की प्रैक्टिस करवाई गई। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं इंस्ट्रक्टर विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह एवं इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल हैं। इनके साथ ही बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायपुर की डॉ. अनीषा नागरिया, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. बालाजी शाह, गुजरात के डॉ. जनक खम्बोल्झा और एम्स जोधपुर की डॉ. भारती गिंडलानी ने छात्रों को बीएलएस एवं एसीएलएस कोर्स का प्रशिक्षण दिया। आपात स्थितियों में लोगों की जीवन रक्षा करने के लिए आयोजित इस कार्यशाला की सराहना करते हुए अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट कहीं भी, किसी भी जगह हो सकता है ऐसे में बेसिक लाइफ सपोर्ट कोर्स से प्राप्त प्रशिक्षण की मदद से हम लोगों का बहुमूल्य जीवन बचा सकते हैं। यह कोर्स हमें सिखाता है कि विपरीत पस्थितियों में बिना घबराये नाड़ी और श्वसन गति का परीक्षण करके हम व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल ने हाई क्वालिटी सीपीआर का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि 30 बार चेस्ट कंप्रेशन के बाद 2 बार ब्रेथ देना होता है। सीपीआर कोई भी कर सकता है इसके लिए डॉक्टर या मेडिकल टीम होना जरूरी नहीं है। आजकल स्कूल-कॉलेज में भी बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी जाती है। लोगों की अधिक से अधिक जीवन रक्षा के लिए इस प्रशिक्षण पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है और ऐसे प्रोग्राम को सपोर्ट करने की जरूरत भी है। विशेषज्ञों ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत छात्रों को चेस्ट कंप्रेशन (जीवन रक्षा के लिए छाती पर दबाव डालने की विधि) की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और मैनकिन (डमी/एक प्रकार का पुतला) में बारी-बारी से सबको अभ्यास करवाया। एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट के बारे में पढ़ाते हुए विशेषज्ञ डॉ. जनक खम्बोल्झा ने कार्डियक अरेस्ट के पहले मरीज में होने वाले साइन और सिम्पटंम्स के बारे में पढ़ाया।

# विवेकानंद नगर में पंचाह्निका महोत्सव के प्रथम दिन 18 हजार गुरुओं की वंदनावली

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में 8 नवंबर से पंचाह्निका महोत्सव भक्तिमय वातावरण में शुरू हो गया है। मुनि जयपाल विजयजी म.सा., मुनि प्रियदर्शी विजयजी म. सा, मुनि तीर्थप्रेम विजयजी म. सा, साध्वी रत्ननिधिश्रीजी म.सा, साध्वी रिद्धिनिधि श्रीजी म.सा आदि ठाणा के शुभ सानिध्य में 12 नवंबर तक पंचाह्निका महोत्सव आयोजित होगा। महोत्सव के प्रथम दिन 18 हजार गुरुवन्दनावली का कार्यक्रम हुआ।

22वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ के भाई कृष्ण वासुदेव को जब ज्ञात हुआ कि उनके भाई तीर्थंकर बन गए हैं तो उन्हें वंदना करने गए। नेमीनाथ भगवान के 18000 शिष्यों को उन्होंने वंदन किया, उसी के निमित्त आज महोत्सव के प्रथम दिन 18000 गुरुओं का वंदन किया गया। गुरु गौतम स्वामी से लेकर 18 गुरुओं की महिमा का व्याख्यान करते हुए उन्हें सविधि वंदन किया गया। इसी तरह सभी गुरुओं की महिमा का वर्णन करते हुए सविधि वंदन किया गया। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार द्वारा सभी गुरुओं को रजत अक्षत से बधाया गया एवं गुरु पूजन किया गया। अहमदाबाद से आए गीतकार हर्षिल शाह ने संगीतमय प्रस्तुति से गुरुओं की महिमा का वर्णन भजन के द्वारा किया। मुनि प्रियदर्शी विजयजी म.सा. एवं मुनि तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने गुरुओं की महिमा का व्याख्यान किया। 9 नवंबर को गुरु पादुका पूजन सप्तर्षि वंदना हर्षिल शाह के संगीतमय कार्यक्रम के साथ होगी।

# छत्तीसगढ़ में गुलाबी ठंड की दस्तक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ठंड की शुरूआत हो चुकी है। प्रदेश के उत्तरी हिस्से में अच्छी ठंड महसूस की जा रही है, जबकि राजधानी रायपुर में गुलाबी ठंड ने दस्तक दी है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अगले तीन से चार दिनों तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के जिलों में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि अन्य क्षेत्रों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं दिखेगा। राजधानी रायपुर में शनिवार को आकाश मुख्यतः साफ रहेगा, जहां अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। शुक्रवार को भी प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। इस दौरान दुर्ग में सर्वाधिक तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस और बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों की तुलना में इस साल अधिकतम तापमान सामान्य औसत से अधिक है। अंबिकापुर में यह सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस, दुर्ग में 2.4 डिग्री सेल्सियस, पेंड्रा रोड में 1.9 डिग्री सेल्सियस, जगदलपुर में 1.8 डिग्री सेल्सियस, रायपुर में 1.7 डिग्री सेल्सियस और बिलासपुर में 0.1 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान की बात करें तो प्रदेश के अधिकांश केंद्रों पर यह सामान्य से अधिक रहा।

# छत्तीसगढ़ में चार राष्ट्रीय राजमार्गों को फोरलेन करने राशि मंजूर, रायपुर में बनेंगेचार फ्लाईओवर

**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इंडियन रोड कांग्रेस के अधिवेशन में की घोषणा**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नेशनल हाइवे का नेटवर्क दो साल के अंदर अमेरिकन नेटवर्क के बराबर होगा, आज मैं यह विश्वास दिलाता हूँ, आपने जो छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मांगे रखी हैं वे सब देंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज रायपुर में आयोजित हो रहे भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने इस मौके पर छत्तीसगढ़ में सड़कों के विकास के लिए 20 हजार करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति दी। इनमें चार राष्ट्रीय राजमार्गों में फोरलेन के लिए डीपीआर की स्वीकृति भी शामिल है। श्री गडकरी ने धमतरी से जगदलपुर, रायपुर से बलौदाबाजार-सारंगढ़, कटघोरा से अम्बिकापुर और बिलासपुर से अकलतरा-रायगढ़ से ओडिशा बार्डर तक के राष्ट्रीय राजमार्गों को फोरलेन करने के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कई सिंगल लेन और टू लेन सड़कों के निर्माण के लिए भी राशि मंजूर की। श्री गडकरी ने रायपुर में सरोना, उद्योग भवन, तेलीबांधा और धनेली जंक्शन में फ्लाईओवर निर्माण के लिए भी राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने तीन सड़कों के वन टाइम इंप्रूवमेंट कार्यों की भी मंजूरी दी। श्री गडकरी ने सड़कों के निर्माण लिए केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) से 900 करोड़ रूपए देने की भी घोषणा की। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में भारतीय सड़क कांग्रेस के अधिवेशन का शुभारंभ करते हुए कहा कि इंडियन रोड कांग्रेस में देश के विभिन्न राज्यों से आये सभी इंजीनियर्स को मैं देश के विश्वकर्मा के रूप में मानता हूँ। राष्ट्र के निर्माण में आप सबका बहुत बड़ा योगदान है। हमारे प्रधानमंत्री का मिशन है कि हम हिंदुस्तान को 5 ट्रिलियन की इकानामी बनायें। आत्मनिर्भर भारत बनाएं।

# 14 दिन में पूरी करनी होगी जांच, पुलिस मुख्यालय ने तैयार की नई एसओपी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। तीन से सात वर्ष तक की सजा वाले आपराधिक मामलों की प्रारम्भिक जांच अब पुलिस को 14 दिनों के भीतर पूरी करनी होगी। पुलिस मुख्यालय ने इस संदर्भ में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जिलों की पुलिस अधिकारियों को """"एसओपी"""" का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि """"एसओपी"""" का पालन न करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था के अनुसार आपराधिक घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक से ऊपर के स्तर के अधिकारी की अनुमति के बाद प्रारम्भिक जांच शुरू कर सकता है, लेकिन यह जांच 14 दिनों के अंदर पूरी करनी होगी। यह व्यवस्था भी की गई है कि किसी भी घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी तथ्यों को बदले बिना सूचना को जनरल डायरी में अंकित करेगा। साथ ही पर्यवेक्षणीय अधिकारी से जांच की स्वीकृति लिखित में प्राप्त करेगा। यदि 24 घंटे के भीतर जांच की अनुमति नहीं मिलती है तो एफआईआर दर्ज की जाएगी। यह व्यवस्था भी की गई है कि जांच की अनुमति मिलने के बाद थाना प्रभारी या तो स्वयं अथवा उपनिरीक्षक स्तर से ऊपर के अधिकारी से मामले की जांच करवा कर यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय मामला बनता है या नहीं। अगर मामला नहीं बनता है तो सूचना देने वाले को इसकी जानकारी दी जाएगी। यदि प्रारम्भिक जांच 14 दिन के भीतर पूरी नहीं होती है तो बिना किसी विलंब के आफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही जांचकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। वहीं तकनीकि सेवा मुख्यालय की तरफ से निर्धारित प्रारूप में डिजिटल मोड में सूचना संकलित करने की व्यवस्था की जाएगी।

# यूपी में सड़क हादसे में सबसे ज्यादा मौतें

## ब्लैक स्पॉट पर सरकार की लापरवाही से बढ़ा खतरा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




लखनऊ। साल 2023 में देश भर में सड़क हादसे में 1.73 लाख लोगों की जान गई, जिनमें सबसे ज्यादा 23,652 मौतें उत्तर प्रदेश में ही हुई हैं। लोक निर्माण विभाग के अक्टूबर माह के आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं के लिए काफी हद तक जिम्मेदार 1,363 ब्लैक स्पॉट्स चिह्नित किए गए हैं, लेकिन हालात ऐसे हैं कि इनमें से 39 जिलों के 458 ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी कोई भी विभाग लेने को तैयार नहीं है।

कुल ब्लैक स्पॉट्स में 370 स्पॉट ऐसे हैं, जिन्हें लोक निर्माण विभाग सही करवा रहा है, जबकि 535 स्पॉट्स को ठीक करने की जिम्मेदारी कुछ अन्य विभागों ने ली है। इन ब्लैक स्पॉट को जल्द ठीक नहीं किया गया तो सड़क दुर्घटनाओं में कई और जिंदगियां खत्म हो सकती हैं।

### कैसे ठीक कराए जाते हैं ब्लैक स्पॉट?

ब्लैक स्पॉटों को चिह्नित करने के लिए किसी भी सड़क पर 500 मीटर के दायरे में तीन वर्षों में हुई दुर्घटनाओं की जानकारी एकत्र की जाती है। तीन वर्षों में कम से कम पांच भीषण सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मौत होने या पांच लोगों के गंभीर रूप से घायल होने पर उस स्थान को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया जाता है। इसके बाद चिह्नित स्थल का दौरा करके सड़क दुर्घटनाओं के कारण की जांच की जाती है। इंजीनियरिंग या निर्माण व डिजाइन से संबंधित कमी पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग उसे सही करवाने की जिम्मेदारी लेता है। इसी जांच के आधार पर मौके पर क्या-क्या सुधार होने चाहिए, इसकी रिपोर्ट भी तैयार की जाती है। दुर्घटना रोकने के उपाय करने के तीन वर्षों में चिह्नित स्थल पर कोई सड़क दुर्घटना नहीं होती है तो उस ब्लैक स्पॉट को समाप्त मान लिया जाता है। सड़क सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने 200 करोड़ का प्रविधान किया है। लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष योगेश पवार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार ब्लैक स्पॉटों को सही किया जा रहा है।

### जिलेवार ब्लैक स्पॉट की स्थिति

प्रदेश भर में सर्वाधिक 86 ब्लैक स्पॉट राजधानी लखनऊ में हैं। इसके अलावा आगरा में 49, प्रयागराज में 46, बरेली 45, आजमगढ़ व रायबरेली में 44-44, बदायूं में 41, हरदोई में 35, उन्नाव व बस्ती में 34-34, सीतापुर में 33, बागपत में 32, बहराइच में 29, मथुरा में 28, मऊ में 27, बलिया में 25, संत कबीरनगर में 24, मेरठ में 23, अयोध्या, हापुड़, गाजियाबाद व गोंडा में 21-21, मुजफ्फर नगर व सोनभद्र में 20-20, पीलीभीत, रामपुर, फतेहपुर में 19-19, कानपुर देहात व हाथरस में 18-18, कानपुर नगर, गाजीपुर, शाहजहांपुर, खीरी, महोबा, बांदा 17-17, मीरजापुर, महराजगंज, अलीगढ़ में 15-15, फिरोजाबाद स्पॉट हैं।

इसके अलावा भदोही, बुलंदशहर, मुरादाबाद, चित्रकूट, बाराबंकी में 14-14, झांसी में 13, कुशीनगर, फरुर्खाबाद में 12-12, सिद्धार्थनगर में 11, मैनपुरी, संभल, वारणसी में 10-10, चंदौली, गोरखपुर, बिजनौर में नौ-नौ, इटावा में आठ, अमरोहा, सहारनपुर, सुलतानपुर, अमेठी, औरैया, जौनपुर, एटा में सात-सात, कन्नौज में छह, जालौन, देवरिया, ललितपुर, हमीरपुर में पांच-पांच, अंबेडकर नगर व बलरामपुर में चार-चार, प्रतापगढ़ व श्रावस्ती में तीन-तीन, कौशांबी व कासगंज में दो-दो व शामली में एक ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं।


**Name change**

I DEVENDRA KUMAR AGRAWAL, S/O RAMCHANDRA AGRAWAL, RESIDENT OF HOUSE NO 1/B, WARD NO. 26, DEVIGANJ ROAD, AMBIKAPUR, CHHATTISGARH, PIN 497001, HAVE DECLARE THAT HAVE CHANGED MY NAME FROM DEVENDRA KUMAR AGRAWAL, S/O RAMCHANDRA AGRAWAL TO DEVENDRA AGRAWAL, S/O RAMCHANDRA AGRAWAL IN ALL THE GOVERNMENT APPROVED IDENTITY PROOFS TO BE USED FOR VARIOUS PURPOSES IN THE FUTURE.DEPONENT:- NAME :- DEVENDRA AGRAWALADDRESS:- HOUSE NO. 1/B, WARD NO. 26, DEVIGANJ ROAD, AMBIKAPUR, CHHATTISGARH, PIN CODE 497001.

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

**(1) निविदा संख्याः टीआरडी-बीएसपी-257-24-25, दिनांकः 04/11/2024**

**कार्य-** बिलासपुर डिवीजन के मेन लाईन (बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन) में ऑटो टेंशनिंग डिवाइस का पुनर्वास। **निविदा मूल्यः ₹ 27,61,594,68/-, जमा की जाने वाली पेशगीः ₹ 55,200.00/-.**

**(2) निविदा संख्याः टीआरडी-बीएसपी-258-24-25, दिनांकः 04/11/2024**

**कार्य-** बिलासपुर डिवीजन में सीआईसी सेक्शन में ऑटो टेंशनिंग डिवाइस का पुनर्वास। **निविदा मूल्यः ₹ 27,61,594,68/-, जमा की जाने वाली पेशगीः ₹ 55,200.00/-, निविदा जमा करने की तिथि व समयः** दिनांक 26/11/2024 के 15:00 बजे तक।

पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर पधारें। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखें जा सकते हैं।

*व.मं.विद्युत अभियंता (क.वि.)*

*सीपीआर/10/327 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202411020700014**

**विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः-2024-2025**

फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 (हे0)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- अमित कुमार तिग्गा,

अनावेदक पक्षकार -छ0ग0 शासन

**ईश्तहार**

आवेदक अमित कुमार तिग्गा आ0 खीस्तोफर तिग्गा निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 33/9 रकबा 0.048 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवष आवेदक का नाम दर्ज होने से छुट गया है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेषी दिनांक 29.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/11/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार

तहसील-अम्बिकापुर


# चाकू लेकर महिला ने पुलिस चौकी के बाहर बनाई रील

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। सोशल मीडिया के दौर में कब क्या वायरल हो जाए कुछ भी कहा नहीं जा सकता। कभी पुलिस चौकी के अंदर अश्लील वीडियो वायरल हो जाते हैं तो कभी स्कूल-कॉलेज के। कोई बंदूक लेकर रील बनाकर वीडियो डाल रहा है तो कोई चाकू का वीडियो।

पुलिस लगातार ऐसे लोगों पर कार्रवाई भी करती रहती है, लेकिन इसके बाद भी रील का चस्का लोगों पर सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसी वीडियो में एक लाल साड़ी पहनी महिला हाथ में चाकू लिए पुलिस के चौकी में दिखाई दे रही है। महिला चाकू के साथ रील बना रही है। बैकग्राउंड में फिल्मी गाना भी बज रहा है। पुलिस चौकी के अंदर महिला द्वारा बनाई गई रील को लेकर लोग अब पुलिस की कार्यशैली पर ही सवाल उठा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो यूपी की राजधानी लखनऊ का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वीडियो में लाल साड़ी पहनी दिख रही महिला का नाम हिंमाशी यादव है। वह चाकू लेकर पारा थने के हांसखेड़ा चौकी पहुंची। वीडियो में साफ दिख रहा है कि महिला के साथ कोई और भी है जिसने कैमरा संभाल रखा है। वह महिला की रील बना रहा है। महिला चौकी के अंदर ही हाथ में चाकू निकलती और खुलेआम दिखाने लगती है। इसके बाद महिला स्कूटी पर भी घूमते दिखाई दी। महिला ने स्कूटी पर भी चाकू पकड़कर रील बनाई।

फिल्मी गाने पर बनाई गई ये रील अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। रील के बैकग्राउंड का नजारा पुलिस चौकी का है। इसे देखकर अब लोग उल्टा पुलिस कर्मियों पर ही सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस चौकी में ये महिला खुलेआम रील बना रही है। इस दौरान किसी पुलिसकर्मी की नजर ही नहीं पड़ी। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी या नहीं।

# इंस्पेक्टर पति को जेठानी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा

लखनऊ। महिला उप निरीक्षक ने इंस्पेक्टर पति पर जेठानी से अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। जेठ पर अश्लीलता करने और पति पर गला दबाकर उनकी हत्या की कोशिश का भी आरोप लगाया है। मामले में महानगर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला उप निरीक्षक के मुताबिक उनके पहले पति की मृत्यु हो चुकी है। उनसे उन्हें एक बेटा है। तीन साल पहले उन्होंने एक इंस्पेक्टर से शादी की थी, जो लखनऊ मेट्रो में तैनात है। उन्होंने बताया कि वह पति, बेटा और जेठ-जेठानी के साथ रहती थीं। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति का व्यवहार बदल गया। पीड़िता के मुताबिक 21 सितंबर की रात करीब 11.45 बजे कमरे में आरोपी पति जेठानी के साथ आपत्तिजनक हालत में लेटा हुआ था। विरोध पर जेठानी और उसके पति ने उनका गला दबाकर मारने की कोशिश की। फिर जेठ उनके बाल पकड़कर घसीटते हुए कमरे में ले गया और अश्लीलता की। पति ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। बेटा छीनकर उन्हें घर से भगा दिया। अगले दिन जब पीड़िता के पिता व मां आईं तो उनकी भी पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्रा के मुताबिक मामले की तफ्तीश की जा रही है।

## सम्पादकीय

# ट्रंप काल में भू-राजनीतिक परिदृश्य में दिखेगा बदलाव

अमेरिका में व्यवसायी से राजनेता बने डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत को दुनिया अपने-अपने नजरिये से देख रही है। एक सदी में ट्रंप अमेरिका के पहले ऐसा नेता होंगे, जिन्होंने एक कार्यकाल के बाद हारने के बाद दुबारा से राष्ट्रपति कैंडिडेचर भी हासिल की और जीत कर इतिहास भी रचा। रिपब्लिकन पार्टी के इतिहास में यह विरल परिघटना है। डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडन के कमजोर शासन, अमेरिकी अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति, बाइडन सरकार की उदार नीतियों की वजह से वैश्विक संघर्ष का अमेरिकी खजाने पर बढ़ता बोझ आदि अनेक कारक हैं, जिसके चलते डेमोक्रेट प्रत्याशी भारतीय मूल की कमला हैरिस इतिहास नहीं रच सकीं। ट्रंप जब दूसरी बार 47वें राष्ट्रपति के तौर पर अमेरिका की कमान संभालेंगे, तो निश्चित ही अमेरिका के साथ-साथ दुनिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य भी बदलेगा। जनवरी 2025 में व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के अलावा अमेरिका के विरोधियों के लिए भी विशेष मायने हैं। अब वे पहले से अधिक अनुभवी हैं और वैश्विक स्तर पर कई वादे भी कर रखे हैं। अमेरिका फर्स्ट उनकी नीति के केंद्र में होगी। अर्थव्यवस्था सुधारना चुनौती होगा। उन्होंने रूस व यूक्रेन जंग खत्म कराने का वादा किया है, वे रूस व यूक्रेन जंग खत्म कराने की कोशिश करेंगे, ताकि अमेरिका पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। ट्रंप कीव और मॉस्को को युद्ध विराम के लिए मजबूर करने का प्रयास करेंगे। यह भी संभावना है कि ट्रंप भविष्य में यूक्रेन को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नेटो) का सदस्य बनने से रोकने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मांगों को स्वीकार कर लेंगे। इसी तरह वे इजराइल के हमास व हिज्बुल्ला से जारी जंग में भी इजराइल की मदद की समीक्षा कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ट्रंप पहले भी इजराइल और सऊदी अरब के कट्टर समर्थक रहे हैं। उनके, ईरान के खिलाफ और भी सख्त रुख अपनाने की संभावना है, जो इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौजूदा प्राथमिकताओं के साथ मेल खाता है। ट्रंप का राष्ट्रपति चुना जाना नेतन्याहू को कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, और यह बदले में पुतिन के प्रति ट्रंप की स्थिति को भी मजबूत करेगा, जो यूक्रेन में अपने युद्ध के लिए ईरानी समर्थन पर निर्भर हो गए हैं। ट्रंपकाल में चीन के साथ अमेरिका का संबंध बदलेगा। हालांकि, बाइडन प्रशासन ने ट्रंप द्वारा अपने पहले कार्यकाल में अपनाई गई कई नीतियों को जारी रखा है, तो अपने नए कार्यकाल में ट्रंप प्रशासन चीन के प्रति पहले कार्यकाल से और कठोर रुख अपना सकता है। अमेरिकी गलती से ही रूस व चीन की इतनी नजदीकी बढ़ी है, ट्रंप इसे अलग तरीके से डील कर सकते हैं। ट्रंप के चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ व्यावहारिक, लेन-देन संबंधी सौदों के लिए खुले रहेंगे। क्लाइमेट करार पर ट्रंप पुराने रुख पर लौट सकते हैं, अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को अमेरिकी मदद में कटौती कर सकते हैं। पाकिस्तान के प्रति तेवर तीखे रह सकते हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की मदद हो सकती है। भारत के साथ अमेरिकी संबंध और प्रगाढ़ होंगे व वैश्विक स्तर पर भारत की सक्रियता और बढ़ सकती है। भारत व अमेरिका ग्लोबल ऑर्डर में फ्रंट फुट पर खेल सकते हैं। देखने वाली बात होगी कि भारत सरकार इस स्थिति का कितना सामारिक व व्यापारिक फायदा उठा पाती है। विश्व के छोटे देशों को अमेरिकी सुरक्षा गारंटी के मामले में ट्रंप पहले कार्यकाल में उदासीन रहे, नए कार्यकाल में उनके रुख का इंतजार रहेगा।

# आजीवन सेवा व सादगी की प्रतिमूर्ति रहे श्रीगोपाल व्यास जी



श्रद्धांजलि
डॉ. रमन सिंह

श्री गोपाल व्यास जी, एक ऐसा नाम है जिन्हें केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि सामाजिक और सेवा क्षेत्र से जुड़ा देश का हर व्यक्ति परिचित है। 15 फरवरी 1932 को श्री पूनमचंद व्यास और श्रीमती जेठाबाई व्यास के घर पुत्र रत्न के रूप मेंश्री गोपाल व्यास जी का जन्म हुआ। बचपन से ही प्रतिभावान श्री गोपाल व्यास जी के भीतरराष्ट्र के प्रति अद्भुत समर्पण था और वह लोकसेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे।


श्री गोपाल व्यास जी ने जबलपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उनके मन में जितनी लगन इंजीनियरिंग के प्रति थी, उतनी ही प्रबल भावना मातृभूमि की सेवा के प्रति भी व्यास जी के भीतर समाहित थी। यह वही समय था जब गोपाल जी ने मां भारती की सेवा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मार्ग चुना और वह श्री के एस सुदर्शन जी के संपर्क में आए।

संघ के संस्कार और सुदर्शन जी का मार्गदर्शन मिलने से युवा अवस्था के श्री गोपाल व्यास जी के व्यक्तित्व में मातृभूमि के प्रति जो सेवा का भाव था, वह और प्रगाढ़ होता चला गया। सामाजिक कार्यों और शिक्षा अर्जन करते हुए जब कुछ समय बीता और इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी हुई तब गोपाल व्यास जी ने भिलाई स्टील प्लांट में नौकरी की। जीवन की व्यस्तता बढ़नेके बाद भी उन्होंने राष्ट्र के प्रति सेवा और सामाजिक कल्याण की भावना कात्यागनहीं किया।

श्री गोपाल व्यास जी के भीतर मां भारती की सेवा और छत्तीसगढ़ के लोककल्याण की भावना इस प्रकार निहित थी कि जब उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ कि उनकी नौकरी की वजह से वह समाज को समय नहीं दे पा रहे हैं, तब उन्होंने भिलाई स्टील प्लांट की नौकरी से त्यागपत्र देकर पूर्ण रूप से स्वयं को समाज के प्रति समर्पित कर दिया।

गोपाल व्यास जी निरंतर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में रहे और उन्होंने प्रचारक जीवन प्रारंभ किया क्षेत्र कार्यवाह और क्षेत्र प्रचारक (मध्य क्षेत्र) जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ निर्वाहन किया और विश्व हिंदू परिषद विदेश संपर्क का भी दायित्व उन्हें प्राप्त हुआ। जिसका श्री गोपाल व्यास जी ने सच्ची श्रद्धा और लगन केसाथ निर्वाहन किया। यह वही समय था जब आपातकाल की विरुद्ध संघर्ष करते हुए श्री गोपाल व्यास जी1975 से 1977 तक रायपुर की जेल में बंद रहे और यहीं से श्री गोपाल व्यास जी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच "शीरू भईया" बनकर लोकप्रिय हो गए।

मुझे भी हमारे शीरू भईया (श्री गोपाल व्यास जी) के साथ एक लंबा वक्त बिताने का अवसर मिला,वर्ष 2003 में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब मुझेमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिली थी। उस दौर का मुझे शीरू भईया के साथ यात्रा का एक संस्मरण स्मृति में आता है कि हम किसी अन्य राज्य से दौरा पूरा करके राजधानी रायपुर लौटे थे तब शीरू भईया भी हमारे साथ थे। हवाई जहाज से उतरकर एयरपोर्ट से बाहर जाते हुए मैंने अचानक ही उनसे कह दिया कि "हम आपके घर चलेंगे उन्होंने बड़ी ही प्रसन्नता से कहा कि आप घर आइये मैं तैयारी करके रखता हूं"। मैंनेशीरू भईया से कहा कि तैयारी जैसी किसी भी चीज की आवश्यकता नहीं है हम साथ ही चले चलते हैं, इस पर उन्होंने कहा कि "आप मुख्यमंत्री हैं आपको एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए मीडिया के सवालों का जवाब देना होगा, जिसमें कुछ समय बीत जाएगा तब तक मैं घर पहुंचकर सारी व्यवस्था देख लूंगा" उन्होंने इतना कहा और एयरपोर्ट से ही ऑटो में बैठकर अपने घर के लिए निकल गए।



राजधानी में जब मुख्यमंत्री का काफिला गुजरता है तब पुलिस और प्रशासन को ट्रैफिक की एक व्यवस्था निर्मित करनी होती है और कुछ मार्गों पर आवागमन थोड़ी देर के लिए रोक दिया जाता है। जब शीरू भईया एयरपोर्ट से निकले उसकी कुछ ही देर में मुझे भी निकलना था, संयोग ऐसा बना कि जिस मार्ग से वह अपने घर जा रहे थे, उसी मार्ग से मैं भी उनके घर जा रहा था और ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों ने उसे मार्ग पर आवागमन रोक दिया, जिस मार्ग में उनका ऑटो था।

शीरू भईया इतने सरल और सादगी से भरे व्यक्तित्व थे कि उन्होंने केवल एक बार व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी से इतना ही कहा कि "मुख्यमंत्री मेरे ही घर जा रहे हैं, भाई मुझे तो जाने दो" लेकिन जब ट्रैफिक पुलिस ने उनकी बात नहीं मानी तब वह शांतिपूर्वक अपने ऑटो में ही बैठे रहे और जब मैं उनके निवास पहुंचा तब यह पता चला कि वह तो अभी तक घर पहुंचे ही नहीं है तब वायरलेस के माध्यम से पुलिस को यह सूचना दी गई और उनका ऑटो ट्रैफिक से निकलकर उनके घर पहुंचा।

यह संस्मरण में जब भी याद करता हूं तब मुझे शीरू भईया की सादगी और उनकी सरलता आंखों के सामने दिखाई पड़ जाती है, उन्होंने कभी भी सत्ता को शक्ति नहीं बल्कि सेवा का मार्ग समझा। उनका मानना था कि हमें अपना जीवन सीमित संसाधनों में व्यतीत करना चाहिए और कभी भी सत्ता या अधिकारों से प्राप्त ताकत का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

वह एक लंबे अरसे तक स्कूटर पर ही चला करते थे, 2006 से 2012 तक जब वह राज्यसभा सदस्य भी बन गए और उन्हें महासमुंद लोकसभा की जिम्मेदारी दी गई तब भी वह बस के माध्यम से महासमुंद पहुंच जाया करते जबकि प्रशासन द्वारा उनके लिए गाड़ी की व्यवस्था की जा सकती थी। शीरू भईया राज्यसभा सदस्य रहते हुए न केवल अपनी सांसद निधि का लोककल्याण के लिए बेहतर उपयोग करते थे बल्कि जब भी आवश्यकता होती तब वह अपनी तनख्वाह को भी सामाजिक कार्यों में समर्पित कर देते थे।

हम सभी ने प्राचीन काल के ऋषि मुनियों और संतों की कहानी सुनी है जो दूर जंगल में निवास करते हुए लोक कल्याण के लिए कार्य करते थे और वापस अपने उस छोटे से आश्रम में लौट जाया करते थे। शीरू भईया के पास कोई आश्रम तो नहीं था लेकिन टाटीबंध में भारत माता स्कूल के निकट उनका एक पुराना और छोटा सा मकान जरूर था। उस मकान में शीरू भईया जिस पलंग पर सोते थे, उस आधे पलंग पर उनकी किताबें रखी रहती थी। उन्होंने आजीवन किताबों का साथ नहीं छोड़ा वह शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे, उनका यह मानना था कि हमें सदैव सीखने पर जोर देना चाहिए, नए विचारों को सुनना चाहिए और यदि परमात्मा ने हमें सक्षम बनाया है तब हमें स्वयं को समाज की सेवा में समर्पित करना चाहिए।

उस छोटे से पुराने मकान में जब कार्यकर्ता उनसे मिलने आते तब सभी उनसे यही आग्रह करते कि आप नया मकान क्यों नहीं ले लेते हैं? इस सवाल पर शीरू भईया एक मुस्कुराहट के साथ जवाब देते थे कि जीवन व्यतीत करने के लिए जितनी जगह चाहिए वह इस घर में पर्याप्त है। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने बड़ी जिद के साथ उन्हें इस बात के लिए राजी किया कि वह पुराना मकान छोड़कर नये मकान में चलें।अंततः सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर उस पुराने मकान को विक्रय किया और विधायक कॉलोनी स्थित शीरू भईया के निवास स्थान पर उन्हें गृहप्रवेश करवाया।

श्री गोपाल व्यास जी का भारतीय जनता पार्टी के विचारों के प्रति पूरा विश्वास था संगठन के लिए अपने अंतिम समय तक वह निरंतर सक्रिय रहे।बीते दिनों जब भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया तब स्वयं बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा रायपुर पहुंचे थे और गोपाल व्यास जी को बीजेपी का सदस्य बनाया था।वह केवल एक औपचारिक सदस्य नहीं थे बल्कि अस्वस्थ होने से पहले तक जब भी संगठन से जुड़ा कोई व्यक्ति उनके पास पहुंचता तब हमारे शीरू भईया उनका मार्गदर्शन करते और संगठन के प्रति विश्वास रखकर निरंतर जन सेवा के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरित करते थे।

अपनी सादगी,अपनी सरलता, अपने विचार और आदर्शों पर अडिग रहे श्री गोपाल व्यास जी (शीरू भईया) एक ऐसे आदर्श पुरुष के समान है जो छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए सेवा और समर्पण का पर्याय है। ऐसे व्यक्तित्व का देहावसान सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है जोकि कभी भी पूरी नहीं की जा सकती। शीरू भईयाके साथ व्यतीत किये समय को जब मैं स्मरण करता हूं तब उनके विचार मुझे आज भी प्रेरित करते हैं, उनका इस प्रकार जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। मैं ईश्वर से यही कामना करता हूं कि वह हमारे शीरू भैया को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें और उनके विचारों से प्रेरित होकर नई पीढ़ी सामाजिक सेवा, लोककल्याण के महत्व को समझकर बेहतर समाज और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ पाए।

*-लेखक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा हैं।*

## स्मृति शेष

डॉ. रमेश ठाकुर



# शारदा सिन्हा ने ठुकरा दिए थे तमाम सियासी ऑफर

पहिले-पहिले करेनी छठ, मईया बरस तोहार, करिह क्षमा हे छठी मईया भूलचूक हमार...। संपूर्ण मैथिली-भोजपुरी समाज के अलावा समूचे संसार के लिए शारदा सिन्हा का विसर्जन गहरा आघात है। उनके बगैर भविष्य में कैसे होगी 'छठ पूजा', ऐसी कल्पना मात्र से लोग अभी से परेशान हैं। पूर्वांचल की बगिया से कोयल के उड़ जाने जैसा है स्वर कोकिला शारदा सिन्हा का नश्वर दुनिया को अलविदा कह देना। दिल्ली से लेकर मुंबई, मॉरीशस, अमेरिका, लंदन और जहां-जहां पूर्वांचली समुदाय के लोग रहते हैं, उन छठ घाटों पर अगर शारदा सिन्हा के गाने न बजे, तो वह सूने लगते थे। बीच छठ में शारदा सिन्हा के चले जाना भी सभी को अखर रहा है। दरअसल उनकी आवाज इस महापर्व को सजीव किया करती थी। शारदा सिन्हा न सिर्फ भोजपुरी समाज में, बल्कि समूची संगीत बिरादरी की अमूल्य धरोहर थीं। जब लीन होकर पूरे मदहोश में वह गाती थी तो ऐसा लगता था कि उनके कंठ में स्वयं सरस्वती बैठी हुई हैं। जाते वक्त भी वे अपने भीतर दैवीय शक्ति होने का एहसास करा गईं। छठ में उनका जाना इस बात का सीधा-सीधा संकेत देता है? देशी और पारंपरिक लोक संस्कृति की मूर्ति शारदा सिन्हा सदैव लोगों के दिलों में रची-बसी रहेंगी। 5 नवंबर की देर रात जब भोजपुरी कोकिला शारदा सिन्हा के न रहने की खबर आई, तो संसार चलते-चलते अचानक से ठहर गया। संगीत की दुनिया में शारदा का न रहना, 'कोयल बिना ना सोहे बगिया', जैसा माना जाएगा।

शारदा सिन्हा बड़ा खुशहाल और बाइज्जत जीवन जीके गईं हैं। उनका इस धरती पर अवतरण होना भी दैवीय चमत्कार जैसा ही रहा। आठ भाईयों के बाद वह जन्मीं। घर में सबकी लाडली-दुलारी हुआ करती थीं। माता-पिता ने बड़ी मन्नतें की थी कि उनके घर में किसी लक्ष्मी का आगमन हो? शारदा सिन्हा के रूप में उनकी इच्छा पूरी हुई। जन्म 1 अक्टूबर 1952 को हुआ था। जन्म के दो वर्ष के भीतर ही उन्होंने गाना गुनगुनाना आरंभ कर दिया था। 15 वर्ष में उनकी खनकती आवाज के लोग दीवाने हो गए थे। जब उनकी शादी हुई, तो सास को कतई पसंद नहीं था कि उनकी बहू गाना गाए। भारी विरोध के बाद भी उन्होंने अपना गायन यथावत रखा। जब देश-विदेश से प्रशंसाएं मिलने लगी, तो सास ने भी कह दिया, बहू तुम अच्छा गाती हो, गाती रहो। शारदा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का निधन भी इसी वर्ष हुआ। उनके जाने के बाद से वह पूरी तरह टूट गई थीं। नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में मंगलवार देर रात जब उनके न रहने की खबर टीवी के जरिए उनके असंख्य प्रशंसकों ने सुनी, तो उनकी आंखें नम हो गईं। निधन के एक दिन पहले ही खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके बेटे अंशुमान सिन्हा को फोन करके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। अब, न रहने की खबर ने उन्हें भी दुखी कर दिया है। राष्ट्रपति से लेकर विपक्षी नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे समेत देशभर के तमाम नेताओं ने दुख प्रकट किया है। दरअसल वो थी ही सभी की चहेती। अस्सी-नब्बे दशक का वह दौर, जब उनके भजन और फिल्मी गानों का बोलबाला था। सलमान खान और भाग्यश्री अभिनीत फिल्म 'मैंने प्यार किया' में गाया गाना ....'कहे तोसे ये तोहरी सजनिया' ....इतना फेमस हुआ कि उन्हें रातोंरात बड़ा फिल्मी सिंगर बना दिया, उसके बाद तो फिल्मी गानों की डिमांड एकाएक बढ़ गई। शारदा सिन्हा को राजनीति के ऑफर भी बहुतेरे मिले। शायद ही कोई ऐसा छोटा-बड़ा सियासी दल हो, जिसने उनको अपने यहां आने का निमत्रंण न दिया हो? लेकिन शारदा सभी ऑफरों को सहश्र ठुकराती गईं। कई मर्तबा उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा भी कि उन्हें राजनीति बिल्कुल पसंद नहीं? समाज ने उन्हें छठ कोकिला की उपाधि दे रखी थी जिसे वह सबसे बड़ा सम्मान ताउम्र मानती रहीं। छठ पर अपनी मीठी आवाज से संगीत प्रेमियों की जुबान पर ऐसे चढ़ीं, कि कभी उतर ही नहीं पाई। छठी के गानों के अलावा भी उन्होंने विभिन्न भाषाओं में एक से एक हिट गाने दिए। देश के सर्वोच्च सम्मान से भी उन्हें केंद्र सरकार ने नवाजा। शारदा का जन्म बिहार के सुपौल के हुलास गांव में हुआ था। विवाह बेगुसराय में हुआ। वह गायिका के साथ-साथ प्रोफेसर भी रहीं। बीएड की पढ़ाई के अलावा उन्होंने म्यूजिक स्ट्रीम में पीएचडी की और समस्तीपुर के एक कॉलेज में प्रोफेसर बनीं। पर, उनकी रुचि सदैव गायिकी में ही रही। कॉलेज से रिटायर होने के बाद भी उन्होंने संगीत की मुफ्त शिक्षा देना जारी रखा। उनके न रहने से एक युग का अंत हुआ है। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। उनकी मीठी, मधुर, सुरीली आवाज श्रोताओं के कानों में सदा गूंजेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग: कर्मसु कौशलम

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।




संकलित
**दर्शन**

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।



संकलित
**प्रेरणा**

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जनसंख्या वृद्धि के नुकसान समझें**

हाल ही में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में आम जन को जनसंख्या बढ़ाने के लिए जो कहा है, इसकी वजह इन दोनों ने अलग-अलग बताई। मुझे नहीं लगता है कि किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री को अपने यहां जनसंख्या बढ़ाने के लिए ऐसी बात करनी चाहिए, क्योंकि लोग अब समझदार हो रहे हैं और छोटा परिवार, सुखी परिवार पर विश्वास कर रहे हैं। लोग जानते हैं कि ज्यादा बच्चे देश, समाज और खुद के लिए भी उचित नहीं हैं। कोई समय था जब हमारे देश में पांच-सात बच्चे भी लोगों के होते थे, क्योंकि उस समय लोग जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत नहीं थे। हालांकि अभी भी ऐसे लोग भी हैं जो बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों से अनजान हैं। कुछ लोग भारत की बढ़ती जनसंख्या पर अपने तर्क देते हैं। लेकिन इसके दुष्प्रभावों को समझा जाना चाहिए। *– वीरेंद्र कश्यप, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### मिलकर चलना होगा



कोई भी एक देश या कोई भी एक संगठन, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, टेररिज्म को अकेला हरा नहीं सकता। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लगातार इस जटिल और बॉर्डर-लेस खतरे के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मैं एकाधिकार विरोधी



मैं नौकरियों का, व्यवसाय, नवप्रवर्तन और प्रतिस्पर्धा का भी समर्थक हूं। मैं एकाधिकार विरोधी हूं। हमारी अर्थव्यवस्था तभी फलेगी-फूलेगी, जब सभी व्यवसायों के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष स्थान होगा।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### खाद की कालाबाज़ारी



भाजपाइयों ने सारी खाद दबा रखी है और खाद की कालाबाज़ारी कर रहे हैं। जितना किसान सम्मान के नाम पर दिया जा रहा है उससे ज़्यादा खाद की कालाबाज़ारी से लिया जा रहा है। किसान कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### विजेता को बधाई देना बेईमानी



मुझे लगता है कि राजनीति में किसी हारे हुए व्यक्ति को विजेता को बधाई देना बहुत बेईमानी है। कमला को परिणाम के बाद ट्रंप को बधाई देने के बजाय अमेरिकी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करनी चाहिए थी।

**-रामगोपाल वर्मा, निर्देशक**



## करंट अफेयर

# कनाडा में टिकटॉक का कारोबार होगा बंद

कनाडा ने टिकटॉक के कनाडाई कारोबार को बंद करने की घोषणा की। चीन की कंपनी की राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा के बाद कनाडा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वह इस ऐप तक पहुंच को ब्लॉक नहीं करेगा। उद्योग मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने कहा कि इसका उद्देश्य टिकटॉक टेक्नोलॉजी कनाडा इंक द्वारा स्थापित बाइटडांस से संबंधित जोखिमों को दूर करना है। शैम्पेन ने कहा, 'सरकार कनाडाई लोगों की टिकटॉक एप्लिकेशन तक पहुंच या उनकी कंटेंट बनाने की क्षमता को ब्लॉक नहीं कर रही है। सोशल मीडिया एप्लिकेशन या मंच का उपयोग करने का निर्णय एक व्यक्तिगत पसंद है।' शैम्पेन ने कहा कि कनाडाई लोगों के लिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सहित अच्छी साइबर सुरक्षा कार्यप्रणाली को अपनाना महत्वपूर्ण है। टिकटॉक कनाडा ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। टिकटॉक युवा लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है, लेकिन इसके चीनी स्वामित्व की वजह से यह आशंका जताई गई है कि चीन इसका इस्तेमाल पश्चिमी उपयोगकर्ताओं का डेटा एकत्र करने या चीन समर्थक बयानों और गलत सूचनाओं को फैलाने के लिए कर सकता है। टिकटॉक का स्वामित्व बाइटडांस के पास है, जो एक चीनी कंपनी है।




## ऑफ बीट

# सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है

आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें 'नसों को लचीला बनाने' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को 'सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450–380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।



चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अगर मिल जाए सुपर पावर

चिल्ड्रेंस-डे यानी बच्चों का दिन। बच्चों, अगर चिल्ड्रेंस-डे के मौके पर तुम्हें कोई सुपर पावर मिल जाए तो तुम क्या करोगे या फिर उस दिन कोई एंजेल आकर तुमसे तीन विशेज मांगने को कहे, तो तुम क्या-क्या मांगोगे? ऐसे ही कुछ इंटरेस्टिंग सवाल जब हमने टीवी के फेमस चाइल्ड आर्टिस्ट्स से पूछे तो उनका क्या जवाब आया, तुम भी पढ़ो।



## पूरी दुनिया में शांति बनी रहे
### शौर्य मंडोरिया



**सोनी सब** के शो 'श्रीमद रामायण' में लव की भूमिका से सबका दिल जीतने वाला शौर्य बताता है, 'चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर, अगर मुझे कोई सुपर पावर मिल जाए, तो मैं सबसे पहले गरीबी नियंत्रित करने की कोशिश करूंगा। साथ ही मैं समाज में सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने की कोशिश करूंगा, चाहे वह लिंग, जाति, धर्म, अमीरी-गरीबी या किसी और आधार पर हो। अगर कोई एंजेल मुझसे मेरी तीन विशेज पूछे तो मेरी पहली विश होगी कि पूरी दुनिया में शांति बनी रहे। कोई एक-दूसरे से लड़े नहीं, सभी भाईचारे के साथ रहें। मैं एंजेल से दूसरी विश मांगूंगा कि हर बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। ताकि वह पढ़-लिख अपने पैरों पर खड़ा हो सके, अच्छा इंसान बने और अपने सारे सपने पूरे कर सके। मेरी तीसरी विश होगी कि हम सभी को हमारे प्रकृति और पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की समझ और शक्ति मिले। हम इसमें अपना अधिक से अधिक योगदान दे सकें। हमारी प्रकृति और हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी हम सुरक्षित रह सकेंगे।' अपने हमउम्र बच्चों को मैसेज देते हुए शौर्य कहता है, 'हम सभी बच्चों को चाहिए कि हम हमेशा कोई ना कोई लक्ष्य जरूर बनाएं, उसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर मेहनत करें। तभी आगे चलकर हम एक सक्सेसफुल इंसान बन पाएंगे। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी कहा है कि अगर आप एक खुशहाल जीवन जीना चाहते हैं तो किसी लक्ष्य को अपनाएं।' *

## एंजेल से मांगूंगा अपने मम्मी-पापा की खुशीः कविश खुंगर



**शेमारू उमंग** के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कृश की भूमिका निभाने वाला चाइल्ड आर्टिस्ट कविश खुंगर 'चिल्ड्रेंस डे' को लेकर बहुत ही प्यारी बातें करते हुए बताता है, 'अगर मुझे सुपर पावर मिल जाए, तो मैं यह चाहूंगा कि सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर सकें और स्कूल जा सकें। मैं चाहता हूं कि हर बच्चे को खेलने के लिए भी खूब सारे खिलौने और पार्क मिलें। और हां! मैं इस बात का ध्यान भी रखूंगा कि कोई बच्चा भूखा ना सोए।

अगर एंजेल मेरी तीन विशेज पूरी करें, तो सबसे पहले मैं अपने मम्मी-पापा के लिए दुनिया की सारी खुशियां मागूंगा ताकि वो हमेशा खुश रहें, मुस्कुराते रहें। दूसरी विश होगी कि मैं अपने फेवरेट कार्टून कैरेक्टर्स से मिल सकूं और उनके साथ एक एडवेंचर ट्रिप पर जा सकूं। तीसरी विश यह होगी कि मुझे ढेर सारे आइसक्रीम और चॉकलेट्स मिलें, जिन्हें मैं अपने दोस्तों के साथ बांट सकूं।

मैं अपने सभी दोस्तों और बालभूमि के पाठकों से कहना चाहूंगा कि खूब पढ़ाई करें, साथ ही मस्ती भी करें और हमेशा खुश रहें। अगर कभी कोई मुश्किल आए, तो हिम्मत मत हारें। हम भले ही उम्र में छोटे हैं, लेकिन बहुत कुछ कर सकते हैं, जिससे पॉजिटिव चेंज लाया जा सके।' *

## मैं एंजेल से मांगूंगी चॉकलेट फैक्ट्री
### परी भानुशाली



**सन नियो** के शो 'साझा सिंदूर' में नायरा की भूमिका निभाने वाली चार साल की नन्ही परी भानुशाली बड़े भोलेपन से बताती है, 'अगर मुझे सुपर पावर मिल जाए, तो मैं बच्चों को खेलने के लिए खूब सारे पार्क और प्ले-ग्राउंड्स बनवाऊंगी ताकि वे मस्ती कर सकें। मैं चाहूंगी कि सारे बच्चे खुश रहें, कोई उदास ना रहे। चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर मुझसे मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं सबसे पहले ढेर सारे खिलौने मांगूंगी। मैं इतना पैसा मांगूंगी कि एक बड़ी-सी चॉकलेट फैक्ट्री खोल सकूं ताकि हम सब बच्चे जी भरकर खूब सारी चॉकलेट्स खा सकें। मेरी तीसरी विश यह होगी कि मैं ऐसे अच्छे काम करती रहूं, ऐसी सक्सेस पाती रहूं कि जिससे मेरे मम्मा-पापा हमेशा खुश रहें।'

चिल्डेंस-डे के अवसर पर अपने हमउम्र बच्चों को मैसेज देते हुए परी भानुशाली कहती है, 'मैं बालभूमि के पाठकों के साथ ही अपने सभी दोस्तों से कहना चाहूंगी कि हमेशा खुश रहो, मस्ती करो और और खूब पढ़ाई भी करो। अपने मम्मी-पापा की हर बात मानो। अच्छे बच्चे बनो, ताकि सब तुम्हें भी खूब प्यार करें।' *


## पॉल्यूशन-फ्री हों हमारी मदर अर्थ
### अस्मि देव



**जी टीवी** के पॉपुलर शो 'जागृति- एक नई सुबह' में जागृति की भूमिका निभाने वाली अस्मि देव कहती है, 'अगर चिल्ड्रेंस-डे के दिन मुझे कोई सुपर पावर मिल जाए तो मैं सभी के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था करूंगी, क्योंकि जो पढ़ेगा वो बनेगा। अगर कोई एंजेल आकर मुझसे मेरी तीन विशेज पूछेगी तो मेरी सबसे पहली विश होगी कि वो हमारी मदर अर्थ को पॉल्यूशन फ्री कर दे। ताकि हमारी मदर अर्थ भी खुश रहे, हमको भी खुश रखे, सब हैप्पी रहें। मेरी दूसरी विश होगी कि रोड सिग्नल्स के आस-पास जो बच्चे घूमते रहते हैं या जो बेहद गरीब बच्चे हैं, उनकी बेसिक नीड्स पूरी हों, उन्हें जो चाहिए वो मिले, खाना, कपड़े सभी बेसिक चीजें मिलें, स्पेशली पढ़ाई करने के अवसर मिलें। मेरी थर्ड विश होगी कि मैं एक अच्छी एक्टर के साथ-साथ एक अच्छी इंसान भी बनूं।'

अस्मि आगे कहती है, 'मैं अपने हमउम्र बच्चों से ये रिक्वेस्ट करती हूं कि वो अपने बर्थ-डे पर कम-से-कम एक ट्री जरूर लगाएं, ताकि हमारी मदर अर्थ खुश रहे, हम खुश रहें। हमारी मदर अर्थ पॉल्यूशन फ्री रहेंगी, तभी हम सब खुश रहेंगे।' *

## सभी बच्चों को मिले बेहतर शिक्षा-बेहतर जीवनः जारा वारसी




**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची का किरदार निभा रही जारा वारसी कहती है, 'शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो समाज को बदलने की शक्ति रखता है। अगर हर बच्चा शिक्षित होगा तो हमारा समाज और हमारा देश आगे बढ़ेगा। अगर मुझे चिल्ड्रेंस-डे पर सुपर पावर मिल जाए, तो सबसे पहले मैं यह करना चाहूंगी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, चाहे वो कैसी भी आर्थिक स्थिति में हो। साथ ही मैं बच्चों के लिए जरूरी पोषक आहार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और खेलकूद की अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराने की कोशिश करूंगी। ताकि हर बच्चे का हर तरह से विकास हो सके। मेरा मानना है कि हर बच्चे को अपनी कल्पनाओं को साकार करने और अपनी प्रतिभा को उभारने का अवसर मिलना चाहिए। अंत में मैं समाज में बालश्रम और बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा और शोषण को खत्म करने की कोशिश करूंगी। बच्चों का बचपन उनके सीखने और बढ़ने का समय होता है, उन्हें इस समय का आनंद लेने का पूरा हक है। मेरा सपना है कि हर बच्चा बिना किसी डर और चिंता के अपना जीवन जी सके और खुश रह सके। *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

---

कविता/ डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

## बाल दिवस



बाल दिवस त्योहार हमारा  
हिप हुर्रे!  
हो जाती है बाल दिवस पर  
हम बच्चों की चांदी।  
धमा-चौकड़ी, खेल-कूद की  
मिलती है आजादी।  
खूब गूंजता शोर हमारा,  
हिप हुर्रे!  
मेला लगता और वहां के  
हम होते व्यापारी।  
खूब मुनाफा होता, भरती  
खाली जेब हमारी।  
सिक्का चलता खूब हमारा,  
हिप हुर्रे!  
खूब नाचते-गाते, मिलकर  
खेला करते नाटक।  
इस दिन जैसे खुल जाता है,  
खुशियों वाला फाटक।  
होता है जी अजब नजारा,  
हिप हुर्रे!

## जीके क्विज- 127

1. हाल ही मे आईसीसी महिला T20 क्रिकेट वर्ल्ड कप किस देश ने जीता?
2. पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से संन्यास लेने वाली दीपा कर्माकर का संबंध किस खेल से है?
3. देश का पहला हिंदी भाषा संग्रहालय किस राज्य में स्थापित किया जाएगा?
4. भारत में पहला डायनासोर पार्क किस राज्य में खोला गया है?
5. भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे?
6. कौन सा वेद धार्मिक अनुष्ठानों से संबंध रखता है?
7. भारत के पहले विदेश मंत्री कौन थे?
8. 'मैला आंचल' नामक उपन्यास किस हिंदी साहित्यकार की रचना है?
9. संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस कब मनाया जाता है?
10. खालसा पंथ के संस्थापक कौन थे?



बच्चों, जीके क्विज-127 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-126 का उत्तर :** 1. हान कांग, 2. पटना, 3. इजराइल, 4. कार्बन डाई ऑक्साइड, 5. बोध गया, 6. असम, 7. विटामिन सी, 8. राष्ट्रपति, 9. गोवा, 10. गैलीलियो गैलिली

**जीके क्विज-126 का सही उत्तर देने वाले:** शिवांगी-बिलासपुर, कबीर-हिसार, क्षमानिधि-बेमेतरा, अनन्या-बैकुंठपुर, ज्योति-ईमेल से, हर्ष-रोहतक, सुशील-रायपुर, सपना-महासमुंद, आस्तिक-रोहतक, भावना-दुर्ग, निशु-भोपाल, प्रतीक-बेमेतरा, जीतू-बलौदा बाजार, काव्या-रायगढ़, दिशा-बालोद

---

कहानी  
डॉ. यशोधरा भटनागर

# हीरो

अचानक आई विपत्ति के समय घबरा कर नहीं समझदारी से काम लिया जाए तो बड़ी से बड़ी विपत्ति-संकट से उबरा जा सकता है। जैसे, चिंटू को जब उसके दादा जी सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़े मिले, तब उसने इस संकट की घड़ी में जो तत्परता दिखाई, वह बहुत ही समझदारी भरी थी।



'मम्मी! मम्मी..! दादू टहलने जा रहे हैं। मैं भी साइकिल चलाने जा रहा हूं।' मेज पर रखी अपनी वॉटर बॉटल उठाते हुए चिंटू ने मम्मी को बताया।

मम्मी ने हिदायत दी, 'चिंटू सुनो, दादू का ध्यान रखना। कॉलोनी में ही साइकिल चलाना।'

'जी मम्मी।' चिंटू ने हामी भरी।

चिंटू और दादा जी रोज इसी समय घर से निकलते हैं। घड़ी पांच बजाती है, दादू जूते-मोजे पहनकर शाम की सैर के लिए तैयार हो जाते हैं तो चिंटू भी अपने स्पोर्ट्स शूज पहन कर वॉटर बॉटल लेकर नीचे कॉलोनी की चिकनी सुरक्षित सड़क पर साइकिल चलाने को तैयार हो जाता है।

यह साइकिल चिंटू को दो महीने पहले ही तो उसके ग्यारहवें जन्मदिन पर दादी-दादू ने गिफ्ट की है। साइकिल को साफ कर चिंटू ने उस पर अपनी पानी की बॉटल टांग दी।

'ओके बाय दादू।' हाथ हिलाते हुए चिंटू साइकिल पर सवार हो गया।

चिंटू के पापा ने उसे साइकिल चलाना सिखाया था। उन्होंने कहा था, 'दो बातें बेटा हमेशा ध्यान रखना पहली- उतनी ही तेज साइकिल चलाना, जितना तुम आसानी से कंट्रोल कर सको और दूसरी बात हमेशा सड़क के बाईं ओर चलना।'

शाम घिरने लगी थी। सूरज डूबने को था। सड़क किनारे लगे पेड़ पर पक्षियों के झुंड अपने-अपने घोंसलों को वापस लौट रहे थे। चिंटू भी घर लौटने को हुआ। रोज की तरह दादू रास्ते में ही सड़क किनारे वाली पुलिया पर बैठे मिल जाएंगे, चिंटू ने सोचा।

पैडल मारता वह पुलिया तक पहुंचा, लेकिन दादू वहां नहीं थे। उसने यहां-वहां नजर दौड़ाई, दादू कहीं भी दिखाई नहीं दिए।

दादू को खोजता वह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। तभी उसे दिखा, सड़क पर दादू गिरे हुए हैं। वह दौड़कर उनके करीब पहुंचा, आवाज दी, 'दादू..! दादू..!' दादू ने कोई जवाब नहीं दिया। चिंटू ने दादू को हिलाकर देखा, लेकिन व्यर्थ रहा। उसे अपनी विज्ञान की कक्षा में अध्यापिका से सीखा प्राथमिक उपचार संबंधी सबक याद आया। उसने झटपट दादू के नाक के नीचे हाथ रख कर सांस की गति का अनुमान लगाया फिर दादू के गले के पास अपनी हथेली से नब्ज महसूस की। अपनी पानी की बोतल से दादू के मुंह पर पानी के छींटें डाले पर दादू अभी भी अचेत थे। वह अपने आपसे बोला, 'दादू को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाना होगा।'

चिंटू का दिमाग तेजी से काम कर रहा था। वह पूरी ताकत लगाकर दादू को सड़क के एक किनारे लाने की कोशिश करने लगा लेकिन उन्हें जरा सा भी खिसका नहीं सका।

'हेल्प! हेल्प! प्लीज हेल्प!' वह जोरों से चिल्लाया। तभी एक कार आती दिखाई दी। चिंटू सड़क के बीचों-बीच खड़ा हो, दोनों हाथ हिलाकर बहुत ही जोरों से चिल्लाया, 'हेल्प! हेल्प!'

वह कार सड़क के किनारे रुक गई। कार में उसकी सोसाइटी के ग्राउंड फ्लोर में रहने वाले मेहता अंकल-आंटी ही थे। वह उनसे बोला, 'अंकल! अंकल! प्लीज हेल्प, मेरे दादू बेहोश हो गए हैं।'

'ओके बेटा, डोंट वरी। सब ठीक हो जाएगा।' मेहता जी ने चिंटू का ढांढस बंधाया।

'बेटा पापा का फोन नंबर बताइए।' मेहता जी ने अपना फोन पॉकेट से निकालते हुए कहा।

चिंटू ने बताया, 'अंकल, पापा तो टूर पर हैं, आउट ऑफ सिटी। आप मम्मी का मोबाइल फोन मिला लीजिए। नंबर है 94253xxxxx।'

'ठीक है बेटा।' मेहता अंकल ने तुरंत मोबाइल मिलाया, लेकिन मम्मी का फोन स्विच्ड ऑफ था। मेहता अंकल बोले, 'बेटा आपकी मम्मी का फोन स्विच ऑफ आ रहा है।'

'अब क्या होगा?' चिंटू को कुछ भी समझ नहीं आ रहा था।

तभी अपनी बाइक से उधर से गुजर रहे थर्ड फ्लोर पर रहने वाले मिश्रा अंकल उनके पास आए। मेहता और मिश्रा अंकल दोनों ने दादू को उठाकर कार में लिटाकर पास ही के हॉस्पिटल में ले गए।

दादू का टूटा हुआ चश्मा पॉकेट में रखकर चिंटू तेजी से साइकिल चलाता अपने ब्लॉक में पहुंचा। झटपट सीढ़ियों के रास्ते सेकेंड फ्लोर पर पहुंच, अपने फ्लैट की बेल बजाई। चिंटू पूरी ताकत लगा कर चिल्लाया, 'मम्मी.. मम्मी!' मम्मी और दादी जल्दी से बाहर आए।

'दादू कहां हैं बेटा?' दादी ने घबराकर पूछा।

'दादी, दादू बेहोश होकर सड़क पर गिर गए थे। मेहता अंकल-आंटी उन्हें अपनी कार से हॉस्पिटल ले गए हैं। यहीं पास वाला हॉस्पिटल। आपको फोन भी किया था पर...।' चिंटू ने एक सांस में बताया।

दादी और मम्मी ने कुछ सुना, कुछ नहीं सुना। झटपट चप्पल पहन उसके साथ चल दिए। हॉस्पिटल के कॉरिडोर में ही मेहता अंकल मिल गए, उन्होंने बताया, 'आप लोग चिंता मत करें। सब ठीक है। बाबूजी को होश आ गया है। डॉक्टर साहब चेकअप कर रहे हैं।'

तभी नर्स ने आकर पूछा, 'पेशेंट के रिलेटिव्स...?'

'हां.. हां.. हम हैं।' मम्मी और दादी दोनों एक साथ बोल पड़ीं। 'आप पेशेंट से मिल सकती हैं। रूम नंबर 110।' नर्स ने मम्मी की ओर देखते हुए कहा।

चिंटू की अंगुली थामे मां मम्मी और दादी दोनों उस कमरे की ओर दौड़ पड़े।

'सो, यू आर द हीरो। आपने अपने दादा जी की जान बचा ली बेटा। थोड़ी देर हो जाती तो पता नहीं क्या होता!' डॉक्टर साहब ने चिंटू की ओर देखते हुए कहा।

'मेरा हीरो बेटा।' कहते हुए दादी ने चिंटू को अपनी बांहों में भर लिया।

'यू आर द हीरो चिंटू बेटा।' दादू को होश आ गया था, वे भी फुसफुसाते हुए बोले।

'मैंने कुछ नहीं किया दादू। मेहता अंकल-आंटी और मिश्रा अंकल को थैंक्स, वो हेल्प नहीं करते तो...! थैंक यू मेहता अंकल, थैंक यू आंटी एंड थैंक यू मिश्रा अंकल।' चिंटू ने विनम्रता से कहा।


'यू आर द हीरो चिंटू बेटा। आपकी हिम्मत को हम सैल्यूट करते हैं। गॉड ब्लेस यू बेटा।' मेहता और मिश्रा अंकल एकसाथ बोले।

सभी की नजरें चिंटू पर टिकी हुई थीं और चिंटू अपने दादू के गले से लिपटा हुआ था। वह मन ही मन सोच रहा था, विज्ञान की कक्षा का प्राथमिक चिकित्सा वाला सबक कितना काम आया, जिसके कारण उसको दादू की तकलीफ समझने में आसानी हुई और उनका उचित समय पर इलाज हो सका। *

---


## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी 6 अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



## रास्ता खोजो

बच्चों, चीकू खरगोश को गाजर खाना है। लेकिन गाजर तक पहुंचने का रास्ता बहुत ही टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम जरा चीकू को गाजर तक पहुंचने के लिए रास्ता खोजने में मदद तो करो ताकि चीकू अपनी भूख मिटा सके।



## एक जैसे दो चित्र ढूंढो

बच्चों, यहां कई सारी बिल्लियों के चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। बाकी चित्रों में कोई-न-कोई अंतर जरूर है। तुम बिल्कुल एक जैसी दिखने वाली दो बिल्लियों के चित्रों को पहचान कर उसके चारों ओर पेंसिल से गोल घेरा बनाओ।



# नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा

## अपराधियों का संरक्षण सपा का असली चेहरा : सीएम योगी

संवाददाता




लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुरादाबाद में आयोजित एक सार्वजनिक रैली में समाजवादी पार्टी पर तीखा वार किया। इसके साथ ही उन्होंने सपा कार्यकाल के दौरान प्रगति का विरोध करने और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। रैली के दौरान बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं पर कई आरोप लगाए। उन्होंने मुख्य रूप से पार्टी की दृष्टि में व्याप्त अराजकता और अपराध की संस्कृति पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा है।

योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को समाज को लाभ पहुंचाने वाले किसी भी अच्छे काम से दिक्कत है। अगर कोई सपा का झंडा लगी गाड़ी देखता है तो समझ लेता है कि इसमें कोई बड़ा गुंडा होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपको उनका संस्कार देखना है तो उनके सोशल मीडिया हैंडल्स देख लीजिए। सभ्य समाज में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सामाजिकता से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें जीवन के मूल्य से कोई सरोकार नहीं है; उन्हें किसानों से कोई सरोकार नहीं है। उनका मतलब खाली जमीन पर कब्जा करना है; यदि किसी की फसल अच्छी हो तो उसे कटवाकर घर में रख लें। 7 साल में 64 हजार जमीनें सपा के गुंडों से मुक्त कराई गईं।

भाजपा नेता ने कहा कि सपा की प्रवृत्ति है धोखा देने की। वे जनता-जनार्दन को धोखा देते हैं, युवाओं को धोखा देते हैं, किसानों को धोखा देते हैं, गरीबों को धोखा देते हैं। उन्होंने दावा किया कि पहले जब भर्ती निकलती थी तो उस भर्ती में सैफई की सूची होती थी। अब उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ की आबादी का कोई भी नौजवान हो, बिना भेदभाव के मेरिट के आधार पर उसको नौकरी मिलती है। योगी ने आरोप लगाया कि हर गुंडा, दंगाई, पेशेवर अपराधी और माफिया आज समाजवादी पार्टी का शागिर्द बन चुका है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 2017 से पहले, उत्तर प्रदेश के युवाओं को सपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रशासन के तहत ₹पहचान संकट₹ का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, "अब यूपी को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है।" उन्होंने रोजगार-मुक्त राशन प्रदान करने के भाजपा सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना पर प्रकाश डाला, जिससे 10 करोड़ निवासियों को लाभ हुआ है।

# महाराष्ट्र में सार्वजनिक रूप से सावरकर और बाल ठाकरे की तारीफ करके दिखाएं

## राहुल गांधी को पीएम मोदी की चुनौती

एजेंसी



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की प्रशंसा करने की चुनौती दी। मोदी, जिन्होंने चुनावी राज्य महाराष्ट्र में अपना हाई-वोल्टेज अभियान शुरू किया, ने राहुल गांधी के महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सहयोगियों को चुनौती दी। महा विकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे का शिवसेना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा नहीं मिलने दिया। कांग्रेस के लोग वीर सावरकर को गाली देते हैं। महाराष्ट्र की धरती पर आकर वीर सावरकर का अपमान करते हैं।

नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है। मैं महाअघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को ये चुनौती देता हूं... वो कांग्रेस के नेताओं से बाला साहब ठाकरे की, उनकी विचारधारा की प्रशंसा करवाकर दिखाएं। प्रधानमंत्री का निशाना उद्धव ठाकरे थे, जिनकी शिवसेना (यूबीटी) अपने संस्थापक बाल ठाकरे के दर्शन पर आधारित एक हिंदुत्व पार्टी है और सावरकर को मराठा नायक मानती है।

वीडी सावरकर का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी भाजपा के लिए प्रेरणा थे लेकिन महाराष्ट्र में कांग्रेस ने केवल उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मोदी ने आगे कहा कि आज 8 नवंबर है। मैंने चुनौती दी है। अब मैं दिन गिनूंगा। एमवीए सहयोगियों को कांग्रेस नेताओं या उनके युवराज को सावरकर की प्रशंसा में 15 मिनट तक बोलने दें। उन्होंने सवाल किया कि उद्धव की पार्टी कांग्रेस के साथ कैसे गठबंधन कर सकती है, जो न तो सावरकर का सम्मान करती है और न ही बालासाहेब का। ऐसा कहकर उनका उद्देश्य इस मुद्दे पर एमवीए में दरारें पैदा करना है क्योंकि गांधी ने अतीत में सावरकर के बारे में अशोभनीय टिप्पणी की है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई

एजेंसी

बीजापुर, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जंगलों में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के बीच मुठभेड़ हुई। जारी सूचना के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम आज नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। घटना के विवरण के बारे में बात करते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आज सुबह करीब 11 बजे उसूर-बासागुड़ा-पामेड़ क्षेत्र के त्रिकोणीय जंक्शन पर एक जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी हुई। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। इसके अलावा, यह ध्यान देने योग्य है कि वर्तमान मुठभेड़ छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों द्वारा 19 नक्सलियों को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है, जिनमें से तीन इनामी थे। जारी की गई जानकारी के अनुसार, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 219वीं और 150वीं बटालियन और कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई) की 201वीं बटालियन की संयुक्त टीमें इस अभियान में शामिल थीं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को जगरगुंडा थाना क्षेत्र में 14 नक्सलियों को पकड़ा गया, जबकि भेज्जी थाना क्षेत्र में पांच को हिरासत में लिया गया।

# औरतों की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश महिला आयोग ने जारी किए प्रस्ताव

## पुरुष दर्जी महिलाओं का नाप नहीं लेंगे

संवाददाता



लखनऊ, देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के बीच उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लागू किए जाने वाले उन्नत दिशा-निर्देशों की एक सूची प्रस्तावित की है। जारी सूचना के अनुसार, राज्य महिला आयोग ने दिशा-निर्देशों का प्रस्ताव रखा है, जिसमें पुरुष दर्जियों द्वारा महिलाओं का नाप लेने पर रोक लगाना और पुरुषों द्वारा जिम या योग सत्र के दौरान महिलाओं को प्रशिक्षण देने पर रोक लगाना शामिल है। राज्य महिला आयोग ने कहा कि यह प्रस्ताव 28 तारीख को लखनऊ में हुई बैठक के दौरान रखा गया था, हालांकि इस मुद्दे पर और बैठकें होंगी। महिला आयोग की सदस्य हिमानी अग्रवाल ने इस फैसले के बारे में बात करते हुए कहा, 28 अक्टूबर को महिला आयोग की बैठक में एक प्रस्ताव रखा गया था कि केवल महिला दर्जी ही महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले सिले हुए कपड़ों का नाप लें और इन क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने उठाया और बैठक के दौरान मौजूद आयोग की सदस्यों ने इसका समर्थन किया।

### महिला आयोग द्वारा सुझाए गए प्रस्तावों की सूची देखें-

महिला जिम/योग केंद्र में महिला प्रशिक्षक होनी चाहिए। जिम का सत्यापन अवश्य होना चाहिए।

महिला जिम/योग केंद्र में प्रवेश के समय अभ्यर्थी को अपना पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड या निर्वाचन कार्ड, सत्यापित करवाना चाहिए तथा उसकी फोटोकॉपी सुरक्षित रखनी चाहिए।

महिला जिम/योग केंद्र में सीसीटीवी चालू हालत में तथा डीवीआर होना अनिवार्य है।

स्कूल बस में महिला सुरक्षा गार्ड या महिला शिक्षिका होना अनिवार्य है।

नाटक कला केंद्रों में महिला नृत्य शिक्षिका तथा सीसीटीवी चालू हालत में तथा डीवीआर होना अनिवार्य है।

बुटीक केंद्रों में कपड़ों का माप लेने के लिए महिला दर्जी तथा चालू सीसीटीवी होना अनिवार्य है।

कोचिंग केंद्रों में चालू सीसीटीवी, वॉशरूम आदि होना अनिवार्य है।

महिलाओं से संबंधित कपड़े आदि बेचने वाली दुकानों में महिला कर्मचारी होना अनिवार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायालय ने एएमयू अल्पसंख्यक दर्जा मामले में चार अलग-अलग फैसले सुनाए

एजेंसी

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय की सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले में शुक्रवार को चार अलग-अलग फैसले सुनाए। संविधान पीठ की अगुवाई कर रहे भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस संबंध में चार अलग-अलग मत थे जिनमें तीन असहमति वाले फैसले भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने अपने और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के लिए बहुमत का फैसला लिखा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अलग-अलग असहमति वाले फैसले लिखे हैं। फैसला सुनाने की प्रक्रिया जारी है।

### ठाणे में आचार संहिता लागू होने के बाद से 13.26 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री जब्त

एजेंसी

**मुंबई,** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 15 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच ठाणे जिले में अधिकारियों ने 13.26 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री जब्त की है, जिसमें शराब, मादक पदार्थ और मुफ्त में दिया गया सामान शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार ठाणे के जिलाधिकारी अशोक शिंगारे ने बुधवार को विशेष पर्यवेक्षक (व्यय) बी आर बालाकृष्णन के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि जब्ती के संबंध में कुल 209 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

# भाजपा की विचारधारा के कारण जला मणिपुर : राहुल गांधी

## ये दलित और अल्पसंख्यकों विरोधी

एजेंसी



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज झारखंड के सिमडेगा में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि मैं आपको मणिपुर के बारे में बताता हूं। भाजपा ने मणिपुर को जला दिया और आज तक, भारत के प्रधान मंत्री ने वहां का दौरा नहीं किया है। इसका मतलब है कि उन्होंने इस बात को मान लिया है कि मणिपुर जैसा कोई राज्य नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा के कारण मणिपुर जला।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं चाहता हूं कि अगर यह देश चले, तो 90% लोग इस देश को चलाएं और बीजेपी चाहती है कि देश को 2-3 लोग चलाएं- पीएम नरेंद्र मोदी, एचएम अमित शाह, अंबानी और अडानी - और पूरे देश की संपत्ति, चाहे आपकी जमीन हो, चाहे जंगल हो - सब आपसे छीन लिया जाएगा और इन 10-15 बड़े अरबपतियों को दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया है। उनमें आपको एक भी आदिवासी, दलित या पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। जब हम कहते हैं कि किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए तो वो कहते हैं कि देखो राहुल गांधी किसानों की आदत खराब कर रहे हैं। जब आपने उनका कर्ज माफ किया तो क्या आपने उनकी आदतें खराब नहीं कर दीं?

राहुल ने भाजपा पर आरोप लगाया कि ये दलित और अल्पसंख्यकों के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की कोई भागीदारी नहीं है। देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग के लोग सक्षम हैं। आप में कोई कमी नहीं है। आप हर तरह का काम कर सकते हैं, लेकिन आपके रास्ते को रोका जाता है। मैंने संसद में जातिगत जनगणना की बात उठाई तो नरेंद्र मोदी चुप हो गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जहां भी जाते हैं, वो एक भाई को दूसरे भाई से, एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। इसलिए हमने 'भारत जोड़ो यात्रा' की, जिसमें नारा था- 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलेंगे। जिससे हिंदुस्तान के लोग प्यार से एक साथ रहें।

# पार्टी कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं: केजरीवाल

एजेंसी

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व शुक्रवार को कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। केजरीवाल ने पार्टी कार्यकताओं को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो संदेश में उनसे (कार्यकताओं) अगले दो-तीन महीने चुनावों के लिए देने का आग्रह किया और कहा कि आप देश के लिए एकमात्र उम्मीद है। उन्होंने कहा, आप हमारे देश के लिए एकमात्र उम्मीद है। मैं अपने सभी कार्यकताओं से आग्रह करता हूं कि वे अगले दो-तीन महीने तक सब काम छोड़कर चुनाव के काम में लग जाएं। आप प्रमुख ने कहा कि पार्टी के खिलाफ जो ताकतें हैं वे विधानसभा चुनावों में हमें हराने के लिए कुछ भी करेंगी, लेकिन हम ऐसी ताकतों को जीतने नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आप भारतीय राजनीति में एक ताजी हवा का झोंका है जो स्वास्थ्य और शिक्षा, सड़क आदि के बारे में बात करती है।

# नोटबंदी के आठ साल : भाजपा पर अखिलेश यादव ने साधा निशाना

संवाददाता



लखनऊ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोटबंदी के आठ साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में इसके नाम पर एक पूरा अध्याय सिर्फ काले रंग से ही छापा जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में नोटबंदी के नाम पर एक पूरे-का-पूरा अध्याय सिर्फ काले रंग से ही छापा जाएगा। आज नोटबंदी की 8वीं सालगिरह के ठीक एक दिन पहले ही, कल रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे कमजोर स्थिति में आ गया। जनता पूछ रही है क्या ये नोटबंदी की नाकामयाबी की वजह से हुआ या भाजपा की नकारात्मक नीतियों की वजह से। उन्होंने कहा, अब क्या भाजपाई फिर ये कहेंगे कि देश के इतिहास में रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर पर पहुंचकर रिकार्डतोड़ नहीं गिरा है बल्कि डॉलर ऊपर उठा है। यादव ने कहा, भाजपा ने अर्थव्यवस्था को अनर्थव्यवस्था बना दिया है। रुपया कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ नवंबर 2016 को 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद करने का ऐलान किया था।। नोटबंदी की यह घोषणा उसी दिन आधी रात से लागू हो गई। इससे कुछ दिन देश में अफरातफरी का माहौल रहा और बैंकों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। बाद में 500 रुपये और 2000 रुपये के नये नोट जारी किए गए। सरकार ने तब ऐलान किया कि उसने देश में मौजूद काले धन और नकली मुद्रा की समस्या को समाप्त करने के लिए यह कदम उठाया है।

# महाकुंभ की होने लगी तैयारी, अब मेला क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे 1.5 लाख शौचालय

संवाददाता



प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जाना है। इस बार महाकुंभ वर्ष 2025 में आयोजित होने वाला है, जिसे लेकर कई तैयारियां की जा रही है। इस बार उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ 2025 को 'स्वच्छ कुंभ' बनाने के उद्देश्य के साथ काम में जुटी हुई है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए महाकुंभ क्षेत्र में 1.5 लाख से अधिक शौचालयों और मूत्रालयों को स्थापित किया जा रहा है। एक आधिकारिक बयान की मानें तो इन शौचालयों को स्थापित करने का लक्ष्य सरकार को 15 दिसंबर तक पूरा करना है। इस संबंध में सभी विक्रेताओं को सूचीबद्ध किया गया है। समय पर कार्य हो सके इसे देखने के लिए एलओए जारी कर दिए गए हैं। कुंभ मेले के लिए विशेष कार्यकारी अधिकारी आकांक्षा राणा ने पुष्टि की कि जेट स्प्रे सफाई प्रणाली और एक व्यापक सेसपूल संचालन योजना सहित संपूर्ण स्वच्छता बुनियादी ढांचा 15 दिसंबर तक तैयार हो जाएगा। इस योजना में सेप्टिक टैंक और सोक पिट जैसे प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने कहा, स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाओं की निगरानी क्यूआर कोड के माध्यम से की जाएगी। बड़े पैमाने पर स्थापना के लिए कुल 55 विक्रेताओं को सूचीबद्ध किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों को सामुदायिक शौचालयों तक पहुंच प्राप्त हो और खुले क्षेत्र के उपयोग की आवश्यकता कम से कम हो। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार, 'स्वच्छ कुंभ' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाना आवश्यक है। राणा ने कहा, मुख्य स्नान के दिन मौनी अमावस्या पर आने वाली भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए 1.5 लाख से अधिक शौचालय और मूत्रालय स्थापित किए जा रहे हैं। इस दिन श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ उमड़ती है - अनुमानतः 4 से 5 करोड़। भीड़ के अध्ययन के आधार पर तैयार की गई यह व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि व्यस्त दिनों में सुविधाओं की कोई कमी न हो और नियमित दिनों में भी 24 घंटे निरंतर सुविधा उपलब्ध रहे, साथ ही सफाई की भी पूरी व्यवस्था हो। बता दें कि स्थापना योजना में 9 विक्रेताओं द्वारा प्रबंधित सोख गड्ढे वाले 49,000 कन्नथ शौचालय, 10 विक्रेताओं द्वारा प्रबंधित सेप्टिक टैंक वाले 12,000 एफआरपी शौचालय, तथा 8 विक्रेताओं द्वारा प्रबंधित सोख गड्ढे वाले 17,000 एफआरपी शौचालय शामिल हैं।

## चंद्रशिला ने किया प्रेमनगर तहसीलदार का पदभार ग्रहण



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले के प्रेमनगर तहसीलदार के पद पर चंद्रशिला जायसवाल ने अपना पद भार ग्रहण कर लिया है। सरगुजा के उदयपुर से स्थांतरित होकर चंद्रशिला यहां आई है। नवागत तहसीलदार ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व विभाग के सभी कार्य समय पर हो और किसानों को उनके काम के कारण परेशान न होना पड़े। उन्होंने अधिवक्ता से मिलकर कहा कि वादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने का प्रयास किया जायेगा। सरकार की मंशा के अनुसार सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार किया जायेगा और शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता व न्याय संगत तरीके से धरातल पर कराने का प्रयास होगा ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाना पड़े और लोगों को सुविधाएं मिल सकें। उप तहसील उमेश्वरपुर के नायब तहसीलदार मीना सिंह का स्थानांतरण पिलखा हो जाने से प्रेमनगर तहसीलदार सप्ताह में एक दिन उप तहसील उमेश्वरपुर में बैठकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगी। पदभार ग्रहण करने के बाद उनका अभिनन्दन किया गया।

# विकसित समाज के लिए आवश्यक है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होना : कलेक्टर

**0 स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश**
**0 बोले- बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में करें कार्य**



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवा के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विभिन्न बीमारियों की रोकथाम, उपचार एवं उन्मूलन को लेकर चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने मरीजों का चिकित्सकों और चिकित्सालयों में विश्वास को चिकित्सा सेवा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय अस्पतालों को लेकर लोगों में विश्वास को और अधिक मजबूत करें ताकि मरीज और अधिक विश्वास के साथ शासकीय अस्पतालों में अपना इलाज कराने आएं।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में सभी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं साफ सफाई के निर्देश दिए। इस बैठक में सीएमएचओ श्री के डी पैकरा, सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम, डीपीएम डॉ. प्रिंस जायसवाल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने पीएम नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम, डेंगू, मलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोग, टीबी मरीजों की पहचान एवं उपचार एवं इसके प्रति जागरूकता, सैंपल कलेक्शन, एन सी डी स्क्रीनिंग, लेप्रोसी उन्मूलन, मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार अपडेशन, कार्ड ब्लॉकिंग की स्थिति, हाट बाजार क्लीनिक योजना क्रियान्वयन, एएनसी पंजीयन की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा कर पागलपन और आत्महत्या के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस पर प्राथमिकता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित समाज के लिए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होना अति आवश्यक है। इसलिये उन्होंने उपस्थित संबंधितों को माइक्रो लेवल में प्लान बनाकर मासिक जानकारी में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एन जी ओ के साथ समन्वय कर, योगा , मेडिटेशन और युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करने जैसे कार्य कर इस दिशा में प्रयास करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने इस दिशा में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिले के समस्त पात्र नागरिकों का शत प्रतिशत रूप में आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने की बात कही गई। इसके अलावा उन्होंने चिरायु योजना की समीक्षा करते हुए सभी स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य जांच की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल स्क्रीनिंग भी शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूल, छात्रावासों और आंगनबाडियों के बच्चों का शतप्रतिशत रूप में आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए उनके पालकों से भी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पारा मोहल्ले में एक ही प्रकार के मामले आने पर चिकित्सको को विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों मे हो रहे प्रसव के आकड़ों पर जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओ का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने महिलाओं का ए. एन. सी. पंजीकरण और एनीमिया मामलों की जानकारी ली। उन्होंने प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने एवं प्रसव पश्चात बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों के बेहतर आर्थिक परिस्थिति एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए नियमित रूप से काउन्सलिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए टीकाकरण समय पर करवाने के निर्देश दिए।

# जनसहयोग से चट्टीडांड़ स्कूल में लागू किया हाउस ड्रेस का नियम

**समाजसेवी सुनील ने बच्चो को उपलब्ध कराया ड्रेस**



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ में निजी स्कूलों की तरह बच्चों को बुधवार और शनिवार को हाउस ड्रेस पहनने का नियम लागू किया गया है। प्रधान पाठक गौतम शर्मा ने बताया कि उन्होंने सूरजपुर के समाजसेवी सूरज मेडिकल स्टोर के संचालक सुनील अग्रवाल से बच्चों के लिए हाउस ड्रेस लागू करने के संबंध में चर्चा किया था, सुनील अग्रवाल ने भी सेवा के इस कार्य के लिए तुरंत हामी भर विद्यालय में अध्ययनरत सभी 35 बच्चों के लिए हाउस ड्रेस उपलब्ध कराने की बात कहीं थी। इसी तारतम्य में सुनील अग्रवाल अपनी पत्नी श्रीमती चंचल अग्रवाल के साथ विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के सभी बच्चों को पीले रंग का टी शर्ट और काले रंग का लोवर हाउस ड्रेस के रूप में वितरित किया। हाउस ड्रेस पाते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पहली बार हाउस ड्रेस पहनकर स्कूल आने पर बच्चों में उमंग और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस सहयोग के लिए विद्यालय के प्रधान पाठक गौतम शर्मा,शाला प्रबंधन समिति और पालक शिक्षक समिति के सभी सदस्यों ने विद्यालय परिवार की ओर श्री अग्रवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गोविंद नारायण चन्द्रा और शिक्षिका श्रीमती पूजा पाठक उपस्थित रहे।

# 4 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक मोर्चा की प्रांत व्यापी हड़ताल कल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** वेतन विसंगति, पूर्व सेवा गणना सहित अन्य मांगो को लेकर शिक्षक एल बी संवर्ग ने पूरे प्रदेश में आंदोलन का शंखनाद कर दिया है सभी जिला में ज्ञापन देने एवं चौबीस अक्टूबर को जिला मुख्यालय में अपनी मांगो के समर्थन में धरना प्रदर्शन करने के बाद अब सोमवार को सभी विकास खण्ड में मांग पत्र सौंपने की तैयारी है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश सह संचालक रंजय सिंह, अजय प्रताप सिंह, मुकेश मुदलियार ने बताया कि प्रदेश के शिक्षकों ने शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व पर भरोसा जताया है प्रांतव्यापी जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन के बाद अब विकास खण्डों में ज्ञापन में सम्मलित होने जा रहे हैं। इसके लिए समस्त विकास खण्डों में आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक भूपेश सिंह, यादवेंद्र दुबे, विजय साहू ने बताया कि प्रदेश के शिक्षक अपनी लड़ाई शिक्षक मोर्चा के नेतृत्व में लड़ रहे है यह वही नेतृत्व है जिसने शासकीय शिक्षक बनने तक का संघर्ष किया है। 500 रुपये की तनख्वाह से सातवे वेतनमान दिलाने तक संघर्ष किया है। यह वही नेतृत्व है जिसने बिना विभाग के कर्मचारी होने के तमगा से शासकीय शिक्षक के गौरव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया है,आगे भी इसी तरह के संघर्ष में हमारी मांगे पूर्ण होगी। इन्होंने बताया कि सभी एलबी संवर्ग के शिक्षक विकास खण्ड के ज्ञापन आंदोलन में शामिल होंगे एवं अपनी मांग को प्रमुखता से बुलंद करेंगे।

# महाविद्यालय एवं विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस




प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गोविन्द नारायण जांगडे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर, के मार्गदर्शन में आज आनंद प्रकाश वारियाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में रामानुजनगर महाविद्यालय एवं बालक माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया गया। शिविर में महाविद्यालय एवं विद्यालय के प्राचार्य, थाना प्रभारी रामानुजनगर उपस्थित रहे। शिविर में श्री वारियाल ने विधिक सेवा दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि भारत के प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय नि:शुल्क पहुंचे न्याय पाना भारत के हर व्यक्ति का अधिकार है, यदि आप अपना प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहते है या आपका कोई प्रकरण न्यायालय में लम्बित है तो आपकी गरीबी आप को न्याय दिलाने में रूकावट नहीं होगी क्योकि तहसील स्तरीय न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक नि:शुल्क न्याय दिलाने हेतु विधिक सेवा समितियों कार्य कर रही हैं। नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर प्रत्येक जिला न्यायालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यालय संचालित हैं जहां किसी भी प्रकार की कानूनी सेवा या सहायता के लिए जाया जा सकता है। उन्होने आगे बताया कि अब न्याय तक पहुंच को आसान बनाने के लिए आनलाई आवेदन प्रस्तुत करने की व्यवस्था भी है आप नालसा के वेबसाईट या टोल नम्बर 15100 के माध्यम से घर बैठे भी नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। आगे उन्होने आईटी एक्ट एवं पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तार से जानाकारी देते हुए बताया की किसी की फोटो एडीट कर किसी को भेजना या मोबाईल से किसी को धमकाना सोसल मिडिया या अन्य माध्यमों से किसी का पीछा करना अपराध की श्रेणी में आता है। मोबाईल इंटरनेट के माध्यम भेजे गये फोटो विडियो या एसएमएस अपने मोबाईल से डिलीट करने से खत्म नही होते वह सर्वर मे सेव होते है जिसे जब चाहे निकाला जा सकता है इसलिए मोबाईल का उपयोग बड़ी सावधानी से करनी चाहिए मोबाईल का उपयोग पढ़ाई या अच्छी जानकारी प्राप्त करने का अच्छा साधन है।

आगे उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, बाल श्रम अधिनिय, बाल विवाह अधिनियम, नशा उन्मूलन, शिक्षा का भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान आदि उपस्थि विद्यार्थीगण न्यायाधीश श्री वारियाल से कई सारी सवाल पुछे और अपने जवाब प्राप्त किये। शिविर में अधिकार मित्र श्री बृजवासी सिंह, रोहित राजवाडे, सत्य नारायण सामिल रहे। वहीं आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर शा. उ. मा. विद्यालय बिहारपुर, हाई स्कूल कालामांजन, हाई स्कूल लॉची, ग्राम पंचायत चितकबहरा, ग्राम पंचायत दवनकरा, ग्राम फाटकपारा, ग्राम सिराई में अधिकार मित्र चिरंजीव, सद्दाम हुसैन, पेयम सिंह, अक्षयवर गुप्ता, राम प्रसाद, नितेश साहू, अमन केरकेट्टा, कृष्णकांत, कु0 प्रियंका यादव, कांति सिंह, राजिया खान द्वारा उक्त स्थानों पर राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवर पर जागरूता शिविर का आयोजन किया गया।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कार्ययोजना बना जिले में करें प्रोडक्ट निर्माण : जयवर्धन

**कलेक्टर ने ली पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** शनिवार को यहां जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला पंचायत अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा आदि के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत व जनपद सीईओ तथा जिला पंचायत के सभी अधिकारी, अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को शत प्रतिशत रूप में लागू करवाने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान श्री जयवर्धन ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों, निर्माणाधीन आवासो एवं पूर्ण हुए आवासों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जो आवास समय पर



पूर्ण नहीं हुए हैं उनको समयसीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने इस योजना के लिए हितग्राहियों का शत प्रतिशत पंजीयन करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने आवास निर्माण को लेकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपदवार किए गए समीक्षा में जहां अपेक्षित उपलब्धि नहीं मिली है वहां शीघ्र लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों और विगत पूर्ण कार्यों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा करते हुए उन्होंने इसके अंतर्गत सभी गतिविधियों पूरी तन्मयता के साथ करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता योजना से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी को निरंतर प्रयास करना होगा। उन्होंने स्वच्छता को बनाए रखने के लिए विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम को लागू करने के लिए कहा। ग्राम के गड्ढों को भरना, कूड़े का निपटान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड निर्माण, सभी घरों से निकलने वाले गंदे पानी का निपटान, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय निर्माण आदि के माध्यम से स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समीक्षा के दौरान उन्होंने महिला समूहों को उद्यमिता से जोड़ने और उनके आय में बढ़ोत्तरी करने के उपायों पर चर्चा की। इस योजना के माध्यम से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को निचले स्तर तक पहुंचा कर ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के रूप में आत्म निर्भर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने एनआरएलएम से हितग्राही महिलाओं को जोड़ने और महिला समूहों के द्वारा सूरजपुर जिले में प्रोडक्ट निर्माण एवं ब्रांडिंग के माध्यम से कार्ययोजना बनाकर बृहद स्तर पर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा लोन योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं अटल पेंशन योजना, जल जीवन मिशन एवं ग्रामीण विकास की अन्य विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# भाजपा के संगठन पर्व पर प्रेमनगर मंडल में हुई कार्यशाला, सांस्कृतिक भवन में हुआ आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भाजपा मंडल प्रेमनगर में राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर संगठन पर्व के अवसर पर संगठनात्मक चुनाव की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण कार्यशाला



सांस्कृतिक भवन में आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में पार्टी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय गोयल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह ने देते हुए कहा कि मंडल में सदस्यता अभियान में जिला कार्यालय से मिला लक्ष्य समस्त कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा हुआ है इसके पश्चात प्रदेशकार्यसमिति सदस्य एवं संगठन प्रभारी बिरेंद्र जायसवाल ने संबोधन में कहा कि पार्टी नेतृत्व से मंडल प्रेमनगर को जो लक्ष्य मिला था उसे सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत से पूरा कर लिया गया है। जिला पंचायत सदस्य अजय श्याम ने कहा कि ये संगठन पर्व केवल भारतीय जनता पार्टी में ही करने का निर्णय लिया जाता है इसके लिए हम लोग को समझना पड़ेगा आज प्रदेश में सरकार बनी है वह कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत है। हम सभी एक परिवार के सदस्य हैं हमारा मंडल जो सदस्यता अभियान के लक्ष्य को प्राप्त हुआ है यह केवल कार्यकर्ताओं के प्रयास से हो पाया है। कार्यशाला को समस्त कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी अभी हम सभी लोग पुन: भाजपा का सदस्यता ग्रहण किए हैं भाजपा में संगठन पर्व चल रहा है हम लोगों को चुनाव प्रभारी बूथ स्तर तक के लिए बना लिया गया है सर्वप्रथम पोलिंग बूथ के टीम का गठन होगा। उन्होंने कहा कि हम एक निष्ठावान पार्टी के कार्यकर्ता हैं सरकार द्वारा जो जनहित के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है उसे हम सभी को घर घर तक पहुंचाना है इस प्रकार से सभी कार्यकर्ताओं से बारी बारी से चर्चा करते हुए निर्धारित समय पर बूथ स्तर पर टीम गठन करने का आग्रह किया कार्यशाला में भाजपा मंडल प्रेमनगर के समस्त सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 33 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राजधानी रायपुर में साइबर ठगी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक रिटायर्ड शिक्षक को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया गया। ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 33 लाख 57 हजार रुपए की ठगी कर दी। यह घटना रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र की है, जहां रिटायर्ड शिक्षक चंद्रमणि पांडेय ने ठगों के द्वारा किए गए झांसे में आकर भारी रकम निवेश कर दी। साइबर ठग ने खुद को प्रोफेसर बताकर चंद्रमणि पांडेय से संपर्क किया और शेयर मार्केट में निवेश करने का लालच दिया। ठग ने प्रोफेसर बनकर एक लिंक भेजा, जिससे पांडेय ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग शुरू करने का निर्णय लिया। साइबर ठग ने रिटायर्ड शिक्षक से एक के बाद एक कई किश्तों में पैसे जमा करवाए। शुरुआत में शेयर बाजार में लाभ मिलने का दावा किया गया, जिसके बाद रिटायर्ड शिक्षक ने विश्वास करके और अधिक पैसे जमा किए। लेकिन जैसे ही उन्होंने और पैसे भेजे, उनके अकाउंट से पैसे कटने शुरू हो गए। इस ठगी में रिटायर्ड शिक्षक के अकाउंट से कुल 33 लाख 57 हजार रुपये कट गए, जिसके बाद पीड़ित रिटायर्ड शिक्षक को एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गए हैं। तुरंत उन्होंने मुजगहन थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई, और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि ठगों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और यह मामला साइबर अपराध के तहत दर्ज किया गया है।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन
हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा
अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

कोरिया फ्रंटलाइन

# कोरिया पुलिस का सख्त अभियान चलाया जा रहा, यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई तेज

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 लोगो पर कोरिया पुलिस ने की कार्रवाई

■ कोरिया पुलिस की आमजनों से अपील, यातायात नियमों का पालन करें





छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** सड़क पर वांछित अनुशासन एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, बाजार में सड़क पर दिख रही अव्यवस्था एवं सड़क दुर्घटनाओ की मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से कोरिया पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सतत कार्यवाही की जा रही है। जिले भर में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है। इसी के साथ यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिदिन एमव्ही एक्ट की कार्यवाही जारी है। यातायात नियमों का पालन न करने के कारण विभिन्न प्रकार की सड़क दुर्घटनाऐं होती रहती है, इससे जान-माल की क्षति भी होती है एवं सड़क के माध्यम से कई आपराधिक गतिविधियाँ भी होने की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा शहर में अवैध रूप से पार्किंग के कारण आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बाधित होने के कारण आमजनों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इसी क्रम में कोरिया पुलिस द्वारा विगत 03 दिनों के भीतर 34 लोगो के विरुद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिसमे यातायात टीम द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने, दुपहिया वाहन में तीन सवारी होने, वाहन का कागजात नहीं होने, वाहन में रिफलेक्टर का लगा न होने, वाहन में प्रदूषण प्रमाण पत्र का न होना, वाहन में नंबर अंकित न होना, बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी होने, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट के चलने, मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने जैसे अनेक यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की गई है। जिससे सुदृढ़ यातायात व्यवस्था के साथ आपराधिक गतिविधि पर रोकथाम की जा सके।

कोरिया पुलिस द्वारा लोक परलोक ढाबा के पास पॉइंट ड्यूटी लगाकर दिनांक 07 नवंबर को शराब पीकर वाहन चलाने वाले 07 लोगो के विरुद्ध एमव्ही एक्ट 185 के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है, जिसे विधिवत न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं स्कूल पारा मेन रोड में दिनांक 08 नवंबर को दुपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 10 दुपहिया वाहन चालकों पर 128/194 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही कर 500?-500? कुल 5000/- शमन शुल्क वसूल किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य धाराओं जैसे वाहन में नम्बर प्लेट नहीं होने, बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चालने, प्रदूषण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने, आदेशों का पालन नहीं करने आदि के तहत् एमव्ही एक्ट की अलग-अलग धाराओं में 17 लोगो से 5600? समन शुल्क वसूल कर चालानी कार्यवाही भी की गई है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कोरिया पुलिस के द्वारा सतत रूप से निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिले की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए, साथ ही कोरिया पुलिस को आये दिन मिल रही शिकायतों, समस्याओं एवं सड़क दुर्घटनाओ के मद्देनजर यातायात विभाग द्वारा और कड़ाई की जावेगी।

अतः कोरिया पुलिस आमजनों से अपील करती है कि पुलिस का भरपूर सहयोग करें, यातायात अनुशासन और नियमों का पालन कर स्वयं एवं राहगीरों को सुरक्षित रखें।

# इंस्टाग्राम में फर्जी आईडी बनाकर की ब्लैकमेलिंग, आरोपी गिरफ्तार

छ.ग.फ्रंटलाइन



**बैकुंठपुर।** इंस्टाग्राम में फर्जी आईडी बनाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले एक आरोपी को कोरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जिला कोरिया के पटना थाना में एक युवती ने अपनी मां के साथ थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी पहचान इंस्टाग्राम ऐप के माध्यम से अंश देवांगन, निवासी पण्डरी थाना सूरजपुर, से हुई थी। प्रारंभिक बातचीत के बाद दोनों के बीच फोन नंबर और आईडी पासवर्ड का आदान-प्रदान हुआ। कुछ समय तक उनके बीच संबंध सामान्य रहे, लेकिन धीरे-धीरे अंश के शराब पीने की आदत और अन्य व्यवहार के कारण पीड़िता ने उससे शादी से इंकार कर दिया और बातचीत बंद कर दी। इसके बाद अंश ने पीड़िता के साथ खींची गई तस्वीरों और बनाए गए वीडियो का दुरुपयोग करने की धमकी देना शुरू कर दिया। उसने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पीड़िता की तस्वीरें और वीडियो वायरल करना शुरू कर दिए। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो उसने उसे बदनाम करने और ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। पीड़िता ने इस घटनाक्रम की जानकारी अपनी मां को दी, जिसके बाद थाना पटना में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। उक्त रिपोर्ट से पुलिस अधीक्षक कोरिया, सूरज सिंह परिहार को अवगत कराया गया। एसपी कोरिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया और एसडीओपी बैकुण्ठपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पटना के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी अंश कुमार देवांगन को गिरफ्तार किया गया है साथ ही उसके मोबाइल फोन से फर्जी आईडी बनाकर तस्वीरें और वीडियो वायरल करने के साक्ष्य भी बरामद हुए है। जिस पर आरोपी अंश कुमार देवांगन निवासी पण्डरी देवनगर सूरजपुर के विरूद्ध थाना पटना में अपराध क्रमांक 309/2024 धारा 67 (ए), 66 (ग) (घ), आईटी एक्ट एवं 78(2), 319, क्व्हस् एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# दोकड़ा में जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने किया श्रमदान



**जशपुरनर।** जनपद पंचायत कांसाबेल के ग्राम पंचायत दोकड़ा में शनिवार को कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत दोकडा के जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय कर्मचारियों ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, मुख्य मार्गों और चौक चौराहों एवं बाजार स्थल पर श्रमदान द्वारा सफाई करते हुए सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने आस पास स्वच्छता रखने एवं गांव तथा देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में जशपुर के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक मदन प्रेमी एवं समस्त विकासखंड समन्वयक, ग्राम पंचायत दोकड़ा के सरपंच चन्द्रकला भगत, जनप्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, सचिव, मितानिन, स्वच्छाग्रही के सदस्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी गणों ने मिलकर श्रमदान किया।


## बायोमेट्रिक डिवाइस भी किया गया प्रदान

**जशपुरनगर।** प्रबंध संचालक मार्कफेड रमेश शर्मा और कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय के मंत्रणा कक्ष में शुक्रवार को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु धान उपार्जन एवं निराकरण में प्रचलित ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के संचालन के संबंध में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मौजूद सभी समितियों के नोडल अधिकारी, प्रबंधक, प्रभारी, ऑपरेटरों को मास्टर ट्रेनर भारत भूषण और सूर्यप्रकाश द्वारा धान उपार्जन एवं निराकरण हेतु प्रचलित ऑनलाइन सॉफ्टवेयर अंतर्गत विभिन्न मॉड्यूल के संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उक्त एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर में अनिवार्यता नियमित डाटा प्रविष्टि एवं आवश्यक प्रतिवेदनों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग हेतु भी प्रशिक्षित किया गया।

# बाघ का हुआ पोस्टमार्टम, वन अमले की निगरानी किया गया अंतिम संस्कार

छ.ग.फ्रंटलाइन



**बैकुंठपुर।** गुरुघासीदास नेशनल पार्क व कोरिया वनमण्डल की सीमा पर मृत मिले बाघ के शव का शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वन विभाग के आला अधिकारी उपस्थित थे। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान यह बात भी सामने आई कि 5 नवम्बर से ही बाघ नदी किनारे मृत पड़ा था, लेकिन देखने से ऐसा लग रहा था कि बाघ सोया हुआ है। बाघ के मृत मिलने की सूचना मिलने पर वन अमला मौके पर पहुँचा और बाघ की सुरक्षा करते हुए आसपास के इलाके की सर्चिंग की। डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया लेकिन कुछ निकलकर नही आ सका। शनिवार को चार सदस्यीय चिकित्सको का दल यहां पहुँचा जिसने पोस्टमार्टम किया। अधिकारियों का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। कोरिया वनमण्डल और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की सीमा क्षेत्र में कुदरी और कटवार के जंगल में एक दिन पहले शुक्रवार को बाघ मृत अवस्था मे मिला था। नदी के समीप खनखोपर नाले में बाघ को देखा गया जिसके बाद हड़कंप मच गया। वन अमला मौके पर पहुँचा, अम्बिकापुर से खुद मुख्य वन संरक्षक व्ही मातेश्वरन भी रात में मौके पर पहुँचे इलाके की सर्चिंग की गई लेकिन कुछ हाथ नही लगा। रात भर बाघ की निगरानी करने के बाद शनिवार की दोपहर पीएम कर उसका अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी मिली कि बाघ के शरीर के सभी अंग मौजूद थे और वह पूरी तरह वयस्क था। मौके पर वन अमले के अलावा वाइल्ड लाइफ डॉग स्क्वायड टीम, पशु चिकित्सक और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि उनके इलाके में बाघ का मूवमेंट पहले नही रहा है। गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व बनाये जाने की मंजूरी मिल चुकी है ऐसे में बाघ की मौत को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे है। इसके पहले भी इस क्षेत्र में एक बाघ और बाघिन की मौत हो चुकी है ऐसे में वन विभाग को कड़े कदम उठाने की जरूरत है।

# कलेक्टर ने जनजाति गौरव दिवस की तैयारी के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

छ.ग.फ्रंटलाइन



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले में आगामी 13 नवम्बर 24 को जनजाति गौरव दिवस पद यात्रा कार्यक्रम के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आदिवासी लोक कला, संस्कृति रहन-सहन , पारंपरिक खेल महोत्सव, नृत्य, व्यंजन आदि परंपराओं को युवाओं को रूबरू कराना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रियों और विधायक जनप्रतिनिधिगण,युवा ,आम नागरिकगण शामिल होंगे। कलेक्टर ने जनजाति गौरव दिवस को भव्य और सफल बनाने के लिए सारी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चिन्हांकन जगह पर आदिवासी लोक संस्कृति की छटा दिखनी चाहिए जशपुर में सारी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तैयारी में कोई कमी नहीं होनी चाहिए सभी अधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है सभी अपने अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करेंगे। कलेक्टर ने जिन जिन जगहों से रैली निकलने वाली है उन जगहों पर लाइट बिजली पानी , बैरिकेड, पेयजल, अस्थाई शौचालय भोजन, पार्किंग, सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 11 और 12 नवंबर जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे युवाओं का पंजीयन माई भारत पोर्टल में किया जाएगा योग दिवस का आयोजन श्रमदान कर साफ सफाई का भी अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# विधायक रायमुनी भगत ने जिले में अन्वेषण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## जिले के विद्यार्थी रिसर्च और साइंस में बढ़ सकते हैं आगे: कलेक्टर व्यास


छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत ने आज संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर से अन्वेषण कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में यह जिला प्रशासन की अभिनव पहल है। कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा जिले के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान को लेकर जागरूक और शिक्षित करने के लिए अन्वेषण के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती रायमुनि भगत ने कहा कि भारत प्राचीन समय से विज्ञान के क्षेत्र में आगे रहा है। हमारे पूर्वज खगोल शास्त्र और चिकित्सा शास्त्र में निपुण रहे हैं, वे चांद-तारों को देख कर तिथियों का निर्धारण कर लेते थे। हमारी प्राचीन किताबों में भी विज्ञान की जानकारियों के भंडार है। वर्तमान में देश में टेक्नोलॉजी आगे बढ़ी है। एपीजे अब्दुल कलाम और कल्पना चावला जैसे वैज्ञानिकों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थी भी प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में रुचि लेकर वैज्ञानिक बने। जशपुर जिले के मेधावी विद्यार्थियों के इसरो भ्रमण को लेकर उन्होंने खुशी जाहिर की। इसी वर्ष फरवरी माह में जिला प्रशासन द्वारा जिले के 50 मेधावी विद्यार्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन श्रीहरिकोटा का भ्रमण कराया गया था। सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि मनोबल से अपने सपने पूरे किए जा सकते हैं। उन्होंने जरूरत केवल लक्ष्य पर फोकस करने की होती है। विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ संस्कार भी याद रखने की बात कही। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि स्पेस साइंस में करियर की अपार संभावनाएं हैं। देश की स्पेस एजेंसी इसरो लगातार सफलता के नए आयाम गढ़ रही है। वे चाहते हैं कि जिले के विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में भी एक्सपोज़र मिले। उनमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बेहतर जानने की उत्सुकता बढ़े और जशपुर से भी ऐसी प्रतिभाएं निकलें जो स्पेस साइंस के क्षेत्र में भारत को विश्व में पहले नंबर पर लाने में अपनी भूमिका निभाएं। विद्यार्थियों को अंतरिक्ष ज्ञान और अनुसंधान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। अन्वेषण कार्यक्रम के अन्तर्गत 07 नवम्बर से अंतरिक्ष विज्ञान की प्रारंभिक जानकारी के साथ ही चंद्रमा, शनि व बृहस्पति ग्रह के खगोलीय दूरबीन से अवलोकन करने के कार्यक्रम की शुरुआत संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर से की गई। अन्वेषण के तहत स्टार गेजिंग व खगोल विज्ञान से संबंधित मूलभूत आवश्यक जानकारी जिले के आठों विकासखंड मुख्यालय के विद्यालयों के विद्यार्थियों को दी जायेगी। अन्वेषण के तहत ही दूसरा महत्वपूर्ण कार्यक्रम अन्तरिक्ष ज्ञान अभियान की शुरूवात 18 नवम्बर से होगी। जिले के 45 हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के लगभग 12 हजार से अधिक विद्यार्थी अन्तरिक्ष ज्ञान अभियान का लाभ ले सकेंगे। अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के तहत विशेष रूप से तैयार तथा विभिन्न उपकरणों एवं मॉडल से सुसज्जित चलित वैन विशेषज्ञों की टीम के साथ सभी विद्यालय में भ्रमण करेंगे और विद्यार्थियों को अंतरिक्ष ज्ञान से शिक्षित करेंगे। अन्वेषण के तहत तीसरा सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम 3 डी प्लनेटोरियम शो का आयोजन किया जाना है, जिसे जिले के आठो विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित किया जायेगा। 3 डी-प्लेनेटोरिया में अंतरिक्ष की अद्भूत व्यवस्था को बहुत ही प्रभावी ढंग से दिखाया जाता है तथा यह सुविधा केवल महानगरों में स्थित है, परन्तु नई तकनीक के विकास से अब जिले के आठ बड़े स्कूलों में अस्थाई रूप से वातानुकुलित 77 वर्ग मीटर का डोम निर्माण कर उसके अन्दर 4 के वीडियो गुणवत्ता का शो आयोजित किया जायेगा। इस डोम में विद्यार्थियों को ऐसा अनुभव होगा मानो वे अंतरिक्ष में विभिन्न ग्रहों व तारों के बीच सैर कर रहे हैं। यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों में अन्तरिक्ष ज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने की दिशा में सहायक होगा ताकि भविष्य में ये विद्यार्थी अपनी अभिरूचि बढ़ा कर वैज्ञानिक-शोधार्थी के रूप में अपना कैरियर भी बना सकें। प्रत्येक दिवस 3 क् प्लेनेटोरियम शो में लगभग 600 विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विश्वासराव मस्के, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर, संकल्प प्राचार्य विनोद गुप्ता, यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय सहित संकल्प के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आंबा सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अनंतिम वरिष्ठता सूची जारी

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना केराडीह के द्वारा सर्वसाधारण व आवेदिकाओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन विज्ञापन 17 अगस्त 2024 के द्वारा 119 आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मूल्यांकन समिति द्वारा 119 आंगनबाड़ी सहायिका का प्रावधिक मुल्यांकन कर अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन 05 नवम्बर 2024 को कर दिया गया है। अनंतिम वरिष्ठता सूची में किसी को दावा आपत्ति हो तो 16 नवम्बर 2024 तक अपना दावा आपत्ति एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना केराडीह में कार्यालयीन समय में लिखित आवेदन पत्र के द्वारा प्रस्तुत कर सकते है। 16 नवम्बर पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री के सुशासन में रोशन हो रहा जशपुर



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जशपुर जिले में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। चौक चौराहों को सोलर लाइट से रौशन किया जा रहा है। जिसमें कुनकुरी नगर पंचायत के छठ घाट में विभाग द्वारा आठ नग सोलर लाइट लगाया गया है जिससे घाट को रौनक़ बढ़ गई है। पुरानी बस्ती, कुनकुरी के श्री राज गुप्ता ने बताया कि पहले यहाँ शाम को असमाजिक तत्व लोगों का जमावड़ा रहता था। लोग आने से घबराते थे। साफ़-सफ़ाई भी नहीं था। अब हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के शासन काल में इसे सुंदर बनाया जा रहा है। चारो तरफ़ सोलर लाइट लगाने से यह घाट अच्छा बन गया है। श्री तुलसी नायक लंबे समय से यहां टहलने आते हैं। उन्होंने इस कार्य के लिए विभाग की प्रशंसा की। बताया कि यह घाट पहले से बहुत अच्छा हो गया है। श्रीमती अनिता देवी ने बताया कि अब लाइट लगने से राहत मिली। अब हम किसी भी समय टहलने जा सकते हैं। साथ ही ज़हरीले जीव से भी राहत मिलेगा। इसी क्रम में लोरो घाट में भी विभाग द्वारा घाट के टर्निंग पॉइंट में तीन हाई सोलर मास्क लगाया गया है। जिसे लेकर लोरो धाम मंदिर के पुजारी ने श्री राजीव मिश्रा ने बताया कि लाइट लगने से दुर्घटना मे कमी आई है। अब नागरिक सुरक्षित घाट पार कर रहे है। साथ ही घाट में रोशनी होने से वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी निलेश श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता क्रेडा विभाग ने बताया कि जिले में 285 सोलर हाई मास्क लाइट लगा है। और 10 का कार्य प्रगति पर है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा